दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 200 जयपुर, शनिवार, 29 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### विक्रम मिसरी होंगे अगले विदेश सचिव



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिसरी देश के अगले विदेश सचिव होंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्णय के अनुसार विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के अक्टूबर अंत तक विस्तारित कार्यकाल को छोटा कर दिया गया है और अब उनका कार्यकाल 14 जुलाई को समाप्त हो जाएगा और उसके बाद मिसरी विदेश सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। विक्रम मिस्री वर्ष 1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) के अधिकारी हैं।

### सांध्य दैनिक पर सीबीआई की कार्रवाई

**जयपुर।** सीबीआई ने शहर के एक मीडिया हाउस के कई ठिकानों पर बीते दोपहर बाद छापा मारा और सर्च चलाया। CBI ने एक मामला दर्जकर 10 साल पुराने मामले में एक सांध्य दैनिक के दफ्तर पर छानबीन की है। दफ्तर में काम कर रहे प्रबंधक से जुड़े लोगों से पूछताछ सहित दस्तावेजों की जांच की गई हैं। हालांकि, आधिकारिक रूप से कार्रवाई को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस कार्रवाई में जयपुर सहित झालावाड़ में भी टीम ने छापेमारी की बताई।

### T-20 विश्व कप में IND vs SA के बीच फाइनल आज



**बारबाडोस।** आईसीसी मेंस टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत का सामना शनिवार को बारबाडोस में होगा। फाइनल में भारतीय टीम शनिवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। यह मैच बारबाडोस में सुबह 10.30 बजे से खेला जाएगा। हालांकि भारत में यह मैच रात 8 बजे से लाइव देखा जा सकता है। दोनों टीमें इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही हैं और खिताबी मुकाबले में किसी एक का सिलसिला टूटना तय है। भारत का लक्ष्य उस ट्रॉफी को दोबारा हासिल करना है जो उन्होंने आखिरी बार 2007 के उद्घाटन संस्करण में जीती थी, जबकि दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में पहली बार खिताब जीतना चाहेगी।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए खोला पिटारा... सीएम ने खुद किया ऐलान

# भजन सरकार का कर्मचारियों को तोहफा... 9% DA बढ़ाया

### 15,000 को मिलेगा फायदा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने अपना पहला पूर्ण बजट पेश करने से पहले राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने छठे वेतन आयोग के तहत आने वाले कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 9 फीसदी बढ़ा दिया गया है। सीएम की नई सौगात से कर्मचारियों में जश्न का माहौल है। इस निर्णय के परिणामस्वरूप पांचवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 427% से बढ़कर अब 443% एवं छठे वेतनमान में 230% से बढ़कर अब 239% हो गया है। इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी हो गया। यह बदलाव 1 जनवरी 2024 से लागू माना जाएगा। ऐसे में 1 जनवरी से लेकर 29 फरवरी की अवधि के लिए महंगाई भत्ते में वृद्धि की राशि राजस्थान सरकारी सेवक सामान्य भविष्य निधि नियम, 2021 के प्रावधानों के अनुसार जीपीएफ खाते में जमा की जाएगी। इसके साथ ही नकद भुगतान एक मार्च से स्वीकार्य होगा, यानी मार्च, 2024 माह का वेतन 1 अपैल 2024 को देय होगा। राज्य सरकार के फैसले से करीब 15,000 से ज्यादा राज्य कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा।

### अक्टूबर में हुई थी 4% की बढ़ोतरी

इससे पहले 31 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया था। इससे 8 लाख से अधिक कर्मचारी और 4 लाख पेंशनरों को सीधा लाभ मिला था। इसके साथ ही कर्मचारियों को दिवाली बोनस देने का रास्ता भी साफ हो गया था। उस वक्त प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू थी। इसके चलते सरकार ने निर्वाचन विभाग की अनुमति के लिए यह प्रस्ताव भेजा था। विभाग ने इसे मंजूरी दे दी तब ही वित्त विभाग के आदेश जारी कर राज्य कर्मचारियों को खुशखबरी दी थी।

### 3 जुलाई से विधानसभा का सत्र

उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई से राजस्थान विधानसभा का दूसरा सत्र शुरू होगा। इस दौरान 10 जुलाई को प्रदेश की डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दिया कुमार भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश करेंगी। ऐसे में राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 9 बढ़ोतरी का ऐलान काफी बड़ा है। इससे कर्मचारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं।

### 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' के पथ पर अग्रसर...

"सुशासन को समर्पित प्रदेश सरकार ने पांचवें एवं छठे वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते में क्रमशः 16 प्रतिशत एवं 9 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय लिया है। इस निर्णय के परिणामस्वरूप पांचवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 427 प्रतिशत से बढ़कर अब 443 प्रतिशत एवं छठे वेतनमान में 230 प्रतिशत से बढ़कर अब 239 प्रतिशत हो गया है। यह निर्णय कर्मठता के प्रतीक हमारे राज्य कर्मचारियों के जीवन में खुशहाली एवं सुख-समृद्धि का नवीन प्रभात लेकर आएगा। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के विजन के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण उत्थान के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है।

- **भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री



## अनूठा नवाचार: पहला मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज

# 7000 युवाओं को CM आज देंगे जॉइनिंग लेटर



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय समारोह शनिवार सुबह 11 बजे मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के शासन सचिव पीसी किशन ने बताया कि प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय आयोजन के साथ प्रत्येक जिला मुख्यालय पर ये कार्यक्रम आयोजित होंगे।

राज्य एवं जिला स्तर पर होने वाले इस कार्यक्रम में नवनियुक्त सभी कार्मिकों का अभिनंदन किया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री स्वयं चिह्नित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

इस पहले रोजगार उत्सव में प्रदेशभर से 20 हजार से अधिक नवनियुक्त राज्य कार्मिक शामिल होंगे। मुख्यमंत्री वीसी के जरिए प्रदेश भर के कार्मिकों से संवाद करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों को उत्कृष्ट राजकार्य के लिए प्रेरणादायी उद्बोधन देंगे। साथ ही, नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद रहने वाले कार्मिकों से वर्चुअल संवाद करेंगे। पीसी किशन ने बताया कि कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्य मंत्री केके विश्नोई विशिष्ट अतिथि होंगे। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि सीएम की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में जयपुर ग्रामीण के कुल एक हजार 500 से ज्यादा नवनियुक्त कार्मिक शिरकत करेंगे।

### नियुक्ति पत्र के साथ बुकलेट और बधाई पत्र भी

राजस्थान में सरकारी नौकरी में चयनित होने वाले 7000 युवाओं को शनिवार को जॉइनिंग लेटर दिए जाएंगे। अब हर सरकारी नौकरी के जॉइनिंग लेटर रोजगार उत्सव में दिए जाएंगे। पहले रोजगार उत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हाथों इन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। जॉइनिंग लेटर के साथ मुख्यमंत्री की तरफ से एक बुकलेट और बधाई पत्र भी दिया जाएगा। सीएम भजनलाल की मंशा है कि जब भी नए कर्मचारियों की भर्ती हो, 5 हजार कर्मचारी इकट्ठे हो जाएं तो समारोह करके जॉइनिंग लेटर दिए जाएं। हर महीने-दो महीने में जॉइनिंग लेटर दिए जाएंगे।

### एकल पट्टा प्रकरण की जांच के लिए समिति गठित

**जयपुर।** प्रदेश में एकल पट्टों से संबंधित प्रकरणों की निष्पक्ष जांच के लिए राज्य सरकार ने समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पूर्व न्यायाधीश आर.एस.राठौड़ की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया गया है। साथ ही, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव इस समिति के सदस्य होंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में एकल पट्टा प्रकरण में हुई अनियमितताओं पर न्यायालय से प्रकरण वापस लेने के लिए कमेटी गठित की गई थी, लेकिन कमेटी में तत्कालीन यूडीएच मंत्री के कार्यालय से संबंधित अधिकारियों को शामिल किया गया था। इससे उक्त कमेटी की निष्पक्षता पर सवाल उठे थे। पूर्व न्यायाधीश आर.एस.राठौड़ की अध्यक्षता में नव गठित समिति एकल पट्टों से जुड़े प्रकरणों की निष्पक्ष जांच कर राज्य सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## मानव तस्करी और साइबर फ्रॉड केस

# राजस्थान सहित तीन राज्यों में NIA की रेड

### फेमस यूट्यूबर बॉबी कटारिया से जुड़े तार





**बेधड़क** | नई दिल्ली/ जयपुर

मानव तस्करी और साइबर क्राइम मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने यूट्यूबर बलवंत उर्फ बॉबी कटारिया से जुड़े राजस्थान सहित तीन राज्यों में छापेमारी की गई। एनआईए टीम ने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में पांच जगहों पर रेड डालकर तलाशी ली। इस सर्च के दौरान एनआईए टीम को आपत्तिजनक सामग्री मिली।

एनआईए टीम ने डिजिटल उपकरण और कागजात जब्त किए गए हैं। एनआईए की जांच में सामने आया कि सभी संदिग्ध आरोपी मानव तस्करी के लिए लोगों को भर्ती करने और अन्य व्यवस्थाएं करवाने का काम कर रहे थे। एनआईए के मुताबिक इस मामले में गुरुग्राम की पुलिस ने बलवंत उर्फ बाबी कटारिया के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक बलवंत उर्फ बाबी कटारिया की एमबीके ग्लोबल वीसा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के माध्यम से विदेशों में नौकरी का झांसा देकर युवकों को फंसाया जा रहा है।

युवाओं को फंसाने के लिए फर्जी काल सेंटरों का सहारा लिया जा रहा है। शिकायत पर एनआईए ने जांच में पाया कि भारत से लाओस के लिए मानव तस्करी की जा रही है। लाओस स्थित ट्राइएंगल एजेंसी के माध्यम से इन कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। एनआईए इस बारे में केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# IGI टर्मिनल-1 की छत गिरी, 1 मरा, 8 घायल



**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 (डोमेस्टिक ) पर शुक्रवार सुबह शेड का बहुत बड़ा हिस्सा गिरने के कारण 1 जने की मौत हो गई जबकि 8 लोग घायल हो गए। इस हादसे में रोहिणी (दिल्ली) निवासी आशीष (32) नामक एक कैब चालक की मौत हो गई, जबकि घायलों का इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल कंट्रोल रूम को 5:30 बजे के आसपास सुबह सूचना मिली थी। मौके पर तुरंत अलग अलग दमकल स्टेशनों से कई गाड़ियां भेजी गईं। वहां पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एक-एक करके पहले तीन लोगों को निकाला गया। मौके पर असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर रविनाथ को भेजा गया था। दमकल की टीम के अलावा पीसीआर कैट्स टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

# जिलों के पुनर्गठन के लिए समिति गठित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में जिलों के पुनर्गठन के संबंध में एक समिति के गठन को मंजूरी दी है। पूर्व आईएएस ललित के. पंवार की अध्यक्षता में गठित यह कमेटी नए जिलों के पुनर्गठन के संबंध में मंत्रिमंडलीय उप-समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में जिलों का पुनर्गठन करते हुए नवीन जिले सृजित किए गए थे। राज्य सरकार द्वारा गठित नवीन जिलों की प्रशासनिक आवश्यकताओं, वित्तीय संसाधनों सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा का फैसला किया गया था। हाल ही में इस सन्दर्भ में मंत्रिमंडलीय उप-समिति का गठन भी किया गया है। नवगठित कमेटी मंत्रिमंडलीय उप-समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## पहली बारिश में डूबी दिल्ली

# दिल्ली में 88 साल बाद रिकॉर्ड वर्षा... 24 घंटे में सीजन का 25% पानी बरसा

- 88 साल बाद 24 घंटे में बरसा 228.1 मिलीमीटर पानी
- कई VVIP इलाके में घुसा पानी, नाले से लेकर अंडरपास तक लबालब
- मौसम विभाग का अगले दो दिन के लिए यलो अलर्ट जारी

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

राजधानी दिल्ली पहली मानसूनी बारिश में ही पानी-पानी हो गई। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार सुबह तक दिल्ली में मानसून सीजन की रिकॉर्ड बारिश हुई। 88 साल बाद 24 घंटे में 228.1 मिलीमीटर पानी बरसा है, जो कि कुल मानसून सीजन का 25 फीसदी है। इससे पहले 28 जून, 1936 को 235.5 मिमी बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने अगले दो दिन के लिए यलो अलर्ट जारी किया।

भारी से अति भारी बारिश के चलते लुटियंस जोन, लोधी एस्टेट, दिल्ली एयरपोर्ट, वसंतकुंज समेत कई इलाकों में सड़कें करीब 3 से 5 फीट तक पानी में डूब गईं। हालात ऐसे हैं कि नेताओं और कारोबारियों से लेकर आम आदमी तक मजबूरी में घरों में कैद होकर रह गए। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की मानें तो राष्ट्रीय राजधानी में मानसूनी बारिश का 25% पानी पिछले 24 घंटे में ही बरस गया। उनके सरकारी आवास के घर के बाहर भी पानी भर गया। दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी अलग-अलग जगहों पर पंपों के जरिए जलभराव खत्म करने में जुटे हैं।




### राजस्थान: भरतपुर-जयपुर संभाग में चार दिन भारी बारिश का अलर्ट

पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान भरतपुर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में 29 जून से 2 जुलाई के दौरान कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना जताई है। मानसून दक्षिण-पश्चिमी व पूर्वी राजस्थान के कुछ और भागों में आगे बढ़ा है। वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा जैसलमेर, चूरू से होकर गुजर रही है। शुक्रवार को मानसून ने पश्चिम राजस्थान के कुछ शहरों में दस्तक दी है। इससे वहां पर बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। आगामी दो-तीन दिनों में राज्य के कुछ और भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल है। प्रदेश में शुक्रवार को करीब 15 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। सबसे ज्यादा बारिश पिलानी में 52 मिमी दर्ज की गई।

### मारवाड़ जंक्शन में सर्वाधिक बारिश

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को पिलानी के अलावा जालौर में 32, कोटा में 31, डबोक में 12, चित्तौड़गढ़ में 11 और माउंट आबू में 10 मिमी बारिश दर्ज की गई। भीलवाड़ा, जोधपुर, सीकर, फलौदी, संगरिया सहित कुछ अन्य शहरों में बारिश दर्ज की गई। पश्चिमी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश मारवाड़ जंक्शन पाली में 72 मिमी व पूर्वी राजस्थान के मसूदा अजमेर में 91.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। शुक्रवार को 41.3 के साथ श्रीगंगानगर का दिन और 31.2 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

## जरूरी खबर

### डिप्टी सीएम बैरवा से वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से शुक्रवार को मुलाक़ात के बाद परिवहन निरीक्षक संघ ने हड़ताल समाप्त कर दी। अब सोमवार से परिवहन निरीक्षक काम पर लौट सकेंगे। डिप्टी सीएम बैरवा ने अपने निवास पर परिवहन निरीक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की। इस दौरान डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि सरकार प्रदेश प्रत्येक कर्मचारी के हितों के प्रति संवेदनशील है। अधिकारी-कर्मचारी उच्च मनोबल के साथ प्रदेश हित में कार्य करें।

### जेकेके शिल्पग्राम में मिलेट मेला आज से

**जयपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से मोटा अनाज प्रोत्साहन नीति के तहत जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में मिलेट मेला शनिवार सुबह 10 बजे से शुरू होगा। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि इट राइट इंडिया सही भोजन बेहतर जीवन, मिशन के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर टीम की ओर से यह मेला आयोजित किया जा रहा है। इसमें चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और एसीएस शुभ्रा सिंह तथा खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान भी सम्मिलित होंगे। मिलेट्स मेला में क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, कुकिंग आदि अनेक प्रतियोगिताएं भी होगी।

### मॉक ड्रिल: ब्लास्ट की सूचना से अस्पताल में हडकंप



**जयपुर।** राजसमंद के आरके राजकीय जिला चिकित्सालय के ऑक्सीजन प्लांट में ब्लास्ट होने, 2 की मौत व 15 के घायल होने की सूचना पर एक बारगी पुलिस, प्रशासन के साथ तमाम विभागीय अधिकारी व कार्मिकों में हड़कंप मच गया। जिला कलेक्टर डॉ भंवरलाल और जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने मॉक ड्रिल के तहत सभी अधिकारी, कार्मिकों की सतर्कता को परखा। आरके जिला चिकित्सालय के ऑक्सीजन प्लांट में ब्लास्ट की सूचना थी। इसके तहत दमकल, एम्बुलेंस, एडीएम, एएसपी, एसडीएम, परिवहन अधिकारी, सीएमएचओ सहित आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी, पुलिस थानों के जवान और पुलिस लाइन का जाब्ता भी पहुंच गया।

---

**विभिन्न परिसरों में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ के निस्तारण से साफ-सुधरा हुआ माहौल**

# रेलवे ने स्क्रैप बिक्री से 19.75 करोड़ रुपए का राजस्व कमाया

बेधड़क | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर रेल मंडल द्वारा रेल परिसरों में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ (स्क्रैप) के निस्तारण करने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इससे इनके हटने से सुरक्षा में वृद्धि होने के साथ-साथ परिसरों में स्वच्छता को भी सुनिश्चित किया जा सके।

कबाड़ निस्तारण के लिए भंडार विभाग द्वारा मिशन जीरो स्क्रैप अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, रेलखंड, डिपो, वर्कशॉप, शेड तथा रेलवे परिसर को कबाड़ मुक्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वरिष्ठ मंडल



वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीना के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार के दिशा निर्देशन में मंडल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ स्क्रैप को बेचकर 19.75 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि भंडार विभाग द्वारा स्टेशनों, रेल परिसर फील्ड यूनिट्स से पुराने कबाड़ को हटाने तथा बेचने के लिए अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है। भंडार विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जयपुर रेल मंडल से 4530.25 मीट्रिक टन कबाड़ स्क्रैप का निस्तारण किया गया जिससे मंडल को 19.75 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। रेलवे द्वारा आईआरपीएस पोर्टल की नीलामी के माध्यम से स्क्रैप की बिक्री होने से होने वाली आय का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास में जाता है। रेलवे के इन प्रयासों से जहां रेलवे परिसर की स्वच्छता में वृद्धि हुई है वहीं दूसरी और रेलवे की सुरक्षा में भी वृद्धि हुई है।

### हिसार-तिरूपति स्पेशल रेलसेवा का संचालन

रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए हिसार-तिरूपति-हिसार स्पेशल (13 ट्रिप) रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04717, हिसार-तिरूपति स्पेशल रेलसेवा 6 जुलाई से 28 अक्टूबर तक हिसार से प्रत्येक शनिवार को दोपहर 2.10 बजे रवाना होकर सोमवार को सुबह 9.15 बजे तिरूपति पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04718, तिरूपति-हिसार स्पेशल रेलसेवा दिनांक 8 जुलाई से 30 जुलाई तक तिरूपति से प्रत्येक सोमवार को 11.45 बजे रवाना होकर बुधवार को 22.25 बजे हिसार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलपुर, लोहारू, चिडावा, झुंझुनूं, नवलगढ, सीकर, रींगस, ढेहर का बालाजी, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाईमाधोपुर, कोटा, रामंगज मंडी, नागदा, उज्जैन, सुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, भोपाल, ईटारसी, नागपुर, बल्लारषाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम्, विजयवाडा, नेल्लौर, गुडुर व रेनिगुंटा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकंड एसी, 6 थर्ड एसी, 6 द्वितीय शयनयान, 04 द्वितीय साधारण व 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होगे।

---

**आवासनमंडल ने प्रीमियम प्रॉपर्टी का ऑक्शन भी किया शुरू**

# राजस्व जुटाने के लिए फिर शुरू की बुधवार नीलामी योजना

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल ने बीते 10 महीने से बंद पड़ी बुधवार नीलामी योजना को एक बार फिर शुरू किया है। इसके साथ ही बोर्ड ने प्रीमियम प्रॉपर्टी का ऑक्शन भी शुरू किया है। वहीं बोर्ड की बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स (बीएसआर) को 2013 के बाद रिवाइस करते हुए बीएसआर 2024 जारी किया है। बोर्ड में अब इन्हीं रेट्स के हिसाब से काम होगा। ये रेट्स जुलाई महीने से लागू होंगी। इसमें नॉन बीएसआर आइटम को भी शामिल किया गया है।

राजस्थान आवासन मंडल की ओर से प्रदेशभर में किए जाने वाले सभी कार्यों के लिए एकीकृत बेसिक शेड्यूल ऑफ रेट्स यानी बीएसआर-2024 तय कर दी गई है। इस का विमोचन बोर्ड अध्यक्ष टी रविकांत ने किया।

अब तक राजस्थान आवासन मंडल की ओर से हाउसिंग बोर्ड बीएसआर-2013 पर कार्य करवाए जा रहे थे। अब बाजार दरें बढ़ने के कारण मंडल हाउसिंग बोर्ड बीएसआर 2024 को 1 जुलाई, 2024 से प्रदेशभर में लागू करेगा। टी रविकांत ने बताया कि अब तक वर्क ऑर्डर रेट बीएसआर से 20 से 40 फीसदी ऊपर आ रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए अलग-अलग एजेंसी का अध्ययन करते लेटेस्ट बीएसआर तैयार किया गया है। इससे हाउसिंग बोर्ड के कार्य में एकरूपता आएगी। अब 1 जुलाई से ये रेट्स लागू होंगी। ये पीडब्ल्यूडी की बीएसआर से भिन्न हैं। क्योंकि आवासन मंडल का काम रेजिडेंशियल अपार्टमेंट बनाने का है। इसमें अब नॉन बीएसआर आइटम को भी शामिल किया गया है।



### बीएसआर के तहत होंगे कई कार्य

टी रविकांत ने बताया कि राजस्थान आवासन मंडल की ओर से तय की गई बीएसआर के तहत बिल्डिंग वर्क्स, सेनिटरी वर्क्स, इलेक्ट्रिक वर्क्स, लिफ्ट वर्क्स, हॉर्टिकल्चर वर्क्स, रोड वर्क्स और अन्य विविध कार्य करवाए जाएंगे। आवासन मंडल की ओर से करवाए जाने वाले कई कार्यों के लिए अब तक मार्केट रेट्स पर निर्भरता बनी रहती है, लेकिन बीएसआर के तय होने से अब ये निर्भरता खत्म होगी और सभी कार्य इन्हीं रेट्स के हिसाब से करवाए जा सकेंगे।

### ऑक्शन से मिला 35 करोड़ का राजस्व

वहीं हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि आचार संहिता खत्म होने के साथ ही अब बुधवार नीलामी और प्रीमियम प्रॉपर्टी की ऑक्शन भी शुरू कर दी गई है। पहले बुधवार को ही मंडल को करीब 35 करोड़ की आय हुई। इसे और एग्रेसिव तरीके से आगे बढ़ाने की योजना है। इसके साथ ही मंडल का क्वालिटी कंट्रोल पर विशेष ध्यान है। विजिलेंस टीम को भी सशक्त किया जाएगा। साथ ही हाउसिंग बोर्ड के 258 पदों पर भी जल्द भर्ती कर दी जाएगी। इसी तरह 53 पदों पर आरपीएससी को जो अभ्यर्थना जानी है, उस पर भी काम किया जा रहा है।

### कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



आवासन मण्डल मुख्यालय में कार्यरत अतिरिक्त मुख्य अभियंता से कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत बी.एल. स्वामी, मनीराम बडगुर्जर, ओमप्रकाश बुटोलिया, आत्माराम उज्जैनिया, पंकज गर्ग, मुकेश कुमार शर्मा, गणेश नारायण अहीर, राजवीर सिंह चैधरी, जगमोहन यदुवंशी, दुर्गादत्त बोहरा को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। आवासन मंडल आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने उन्हें माला व शॉल पहनाकर स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष दशरथ कुमार, उपाध्यक्ष पंकज गर्ग, महामंत्री प्रदीप शर्मा संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

---

**विधायक के सामने बरपा हंगामा**

## बीच बैठक ही धरने पर बैठे जनप्रतिनिधि, जलदाय विभाग पर रोष

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के अनूपगढ़ पंचायत समिति में शुक्रवार को आमसभा की बैठक काफी हंगामेदार रही। जनप्रतिनिधियों ने जलदाय विभाग के प्रति रोष प्रकट करते हुए विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों पर घोटाला करने का आरोप लगाया और विधायक की मौजूदगी में धरना दिया।

बैठक में मौजूद पंचायत समिति सदस्य राजेन्द्र बिश्नोई ने बताया कि पिछली बैठक में जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन उस प्रस्ताव को आगे नहीं भिजवाया गया। इस पर गुस्साए जनप्रतिनिधयों ने बीच बैठक में ही धरना लगा दिया। विधायक शिमला नायक और विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के आश्वासन के बाद जनप्रतिनिधियों ने धरना समाप्त कर बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के दौरान सरपंच पति जगदीश सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत करीब ढाई करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है, लेकिन अधिकारियों द्वारा एक पाइप लाइन ही डाली गई है। सरपंच ने विभाग के अधिकारियों से खर्च किए गए ढाई करोड़ रुपए का हिसाब मांगा, लेकिन अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं था। पंचायत समिति के अन्य सदस्यों ने कहा कि जलदाय विभाग द्वारा जहां-जहां जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया गया है, वहां विभाग और ठेकेदारों ने जमकर घोटाला किया है।



### दूषित पानी का मुद्दा भी गूंजा

ग्राम पंचायत-12 एच के सरपंच पति जगदीश सिंह और ग्राम पंचायत 22 ए के सरपंच दिनेश शर्मा ने दूषित पेयजल सप्लाई करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सरपंचों ने आरोप लगाया है कि गांव में जलदाय विभाग के द्वारा जो निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं, उन निर्माण कार्यों में पुरानी ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।

---

**स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा पहुंचे बांगड़ अस्पताल**

## प्रशासनिक प्रबंधन को मजबूत कर व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के दिए निर्देश

बेधड़क | चाकसू

स्वायत्त शासन मंत्री एवं पाली जिले के प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को पाली जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राजकीय बांगड़ अस्पताल का निरीक्षण किया।

खर्रा ने अस्पताल के ट्रोमा वार्ड पहुंचकर वहां पर भर्ती मरीज भावना से कुशलक्षेम पूछी तथा वहां पर भर्ती मरीजों से मिल कर अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। श्री खर्रा ने सीटी स्कैन कक्ष में पहुंच कर स्टाफ के बारे में जानकारी ली तथा एक दिन में 35 सीटी स्कैन होने की जानकारी



मिलने पर मंत्री ने संतोष जताया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया तथा वार्डों में मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में संतोष जताया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को आगे भी बेहतर सुविधा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकीय प्रबंधन बेहतर रखें एवं मरीज का त्वरित उपचार हो। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक डॉ.पीसी व्यास से अस्पताल की चिकित्सा के स्थिति की जानकारी ली।

इस दौरान जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, मेडिकल कॉलेज की प्रिंसीपल डॉ. अरोड़ा, सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल, बांगड़ अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. आरके बिश्नोई सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

**दामाद घर पहुंचा तो पता चला, लहूलुहान मिली लाश**

## सो रहे बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

इस्लाम खान | बेधड़क

**हिंडोली।** दबलाना थाना क्षेत्र में बूंदी का गोठड़ा के मालियों का मोहल्ला निवासी गिरधारी लाल उम्र 65 वर्ष पिता शंकर लाल जाती माली को अपने ही घर में चारपाई पर सोने के दौरान अज्ञात जनों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। इससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे सूचना मिलने पर दबलाना थाना थाना अधिकारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। शव को सीएचसी हिंडोली ले जाकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा। अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने बताया कि मृतक अकेला ही मकान में



चारपाई पर सोया हुआ था। उसका बेटा मोहन लाल अपने परिवार सहित खेत पर बने मकान में था। वहीं बुजुर्ग की पत्नी भी 10 दिनों से बेटी के ससुराल रामनिवास गांव में मिलने गई हुई थी। माताजी का बरड़ा निवासी मृतक का दामाद व आधोल्या शोजी लाल सैनी फसल की बुवाई के लिए खाद बीज लेने आया तो उसे मकान के गेट पर कुंदी लगी हुई थी।

दामाद ने खूब आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जबाव नहीं मिला। बाद में पास के मकान की छत से मकान में जाकर देखा तो बुजुर्ग चारपाई पर लहूहुान पड़ा था। उसके शिर व गर्दन पर धारदार हथियार से चोटों के निशान थे, जिसे देखकर दामाद के हाथ-पांव फूल गए। डॉग स्क्वायड टीम ने भी घटनास्थल के आस-पास की जगह का जायजा लिया। एडिशनल एसपी उमा शर्मा, डीएसपी घनश्याम मीणा, थाना अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया।

---

**मंत्री दिलावर ने अधिकारियों की क्लास लगाई**

# सात दिन में अवैध शराब की दुकानें बंद करने के निर्देश

बेधड़क | जयपुर

अक्सर सुर्खियों में रहने वाले राजस्थान सरकार में मंत्री मदन दिलावर एक बार फिर से चर्चा में हैं। शुक्रवार को उन्होंने कोटा में विभागों के अधिकारियों की क्लास लगा दी।

मंत्री मदन दिलावर ने अपने गृह क्षेत्र में जन समस्याओं के समाधान को लेकर एक अलग पहल भी की है, जिसके तहत वो जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं और क्षेत्र वासियों द्वारा बताए गए कार्यों का न सिर्फ मौके पर ही समाधान करवा रहे हैं बल्कि बारी-बारी से पिछली जनसुनवाई की समीक्षा भी जनता




के सामने ही कर रहे हैं। कोटा दौरे के दौरान मंत्री मदन दिलावर ने समस्या समाधान समाधान शिविर लगाया, जिसमे उन्होंने अधिकारियों की जमकर क्लास ली। शराब की बिक्री को लेकर आबकारी विभाग के अधिकारी को उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि पहले तो यह बताइए कि कोटा में कहां- कहां अवैध शराब बिक रही है। जब अधिकारी ने कहा कि अवैध शराब कहीं नहीं बिक रही तो मंत्री दिलावर ने अपने निवास के आस-पास समेत कई स्थानों का जिक्र करके कहा कि यहां अवैध शराब बिक रही है। इस पर अधिकारी ने अपना बचाव करते हुए कहा कि मेरी नई-नई पोस्टिंग हुई है।

### कार्रवाई को लेकर सात दिन बाद लूंगा फीडबैक

अधिकारी को चेतावनी देते हुए मंत्री दिलावर ने कहा कि सात दिन के अंदर जहां भी अवैध शराब बिक रही है, वह बंद हो जानी चाहिए। मैं आपसे 7 दिन बाद फीडबैक लूंगा। आगे मंत्री ने ने घुमंतू लोगो को निशुल्क पट्टे नहीं दिए जाने पर केडीए के अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि बिना अभियान चलाए क्या कोई कार्य नहीं किया जा सकता। मंत्री दिलावर ने निर्देश दिए कि घुमंतू लोगों को बिना किसी अभियान के भी पट्टे दिए जा सकते हैं, ऐसा कोई नियम नहीं है कि जब अभियान चलेंगे। तभी लोगों के कार्य होंगे, बिना अभियान के जनता के कार्य नहीं होंगे।

### मांस लाइसेंस की जांच हो, बंद करें अवैध दुकानें

इसके अलावा भजनलाल के मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध मांस की दुकान बंद की जाए और जो भी दुकानें संचालित की जा रही है। उनके लाइसेंस की जांच हो, लाइसेंसधारी मांस विक्रेता ही अपनी दुकान का संचालन कर सकेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी जानवर को काटने से पहले स्वास्थ्य अधिकारी से रिपोर्ट करवानी होगी, उसे जानवर का फोटो भी बताना होगा। मांस विक्रेता दुकान का संचालन व्यवसायिक स्थान पर ही करेगा। अगर कोई अपनी निजी मकान सरकारी जमीन पर दुकान संचालित करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

---

**बयाना विधायक उठा रहीं आवाज**

## अवैध खनन में नहीं होती प्रभावशालियों पर कार्रवाई

**जयपुर।** भरतपुर जिले के बयाना से विधायक ऋतु बनावत अवैध खनन को लेकर लगातार आवाज उठा रहीं हैं। उनका कहना हैं कि कुछ राजनीतिक प्रभाव वाले लोग अवैध खनन कर रहे हैं। प्रशासन छोटे लोगों को पकड़ता है, जबकि वह तो पहले से ही परेशान हैं, वह गरीब आदमी होते हैं। जो बड़े लोग गलत काम कर रहे हैं, उन्हें नहीं पकड़ा जाता। बनावत ने अवैध खनन रोकने के लिए वन विभाग को एक पत्र भी लिखा है। उनका कहना है कि कुछ प्रभावशाली लोग बंशी पहाड़पुर इलाके के सुका शिला में अवैध खनन कर रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बाद अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि मैं खनन के खिलाफ नहीं हूं, क्योंकि यहां के स्थानीय लोगों की रोजी रोटी खनन से चलती है। मेरा हमेशा से कहना है कि यहां के लोगों की रोजी रोटी बंद न हो, छोटे-छोटे खनन पट्टे दिए जाए। यह बात मैंने विधानसभा में भी उठाई। हमारे लोगों को रोजगार मिलता रहे, लेकिन कुछ प्रभावशाली लोग दादागिरी कर रहे हैं। वे कहते है कि खनन हम ही करेंगे और कोई नहीं करेगा। इसको बंद करना होगा।

## जरूरी खबर

### जेडीए ने स्थापित किया बाढ़ नियंत्रण




**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में मानसून से पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम देवेंद्र गुप्ता एवं निदेशक अभियांत्रिकी द्वितीय अजय गर्ग सहित संबंधित अभियंतागण उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम करेगा। जिसमें जेसीबी मषीन, ट्रेक्टर मय ट्रॉली, मड पम्प, मिट्टे के कट्टे, डम्पर, ट्रेक्टर ब्लेड इत्यादि संसाधन उपलब्ध रहेंगे। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में आठ-आठ घण्टों की पारी में कार्य करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### 7वीं मंजिल से गिरे रिटायर्ड इंजीनियर... मौत



**जयपुर।** यहां एक रिटायर्ड इंजीनियर के शुक्रवार सुबह अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल से नीचे गिरने से मौत हो गई। वह साले के साथ अपार्टमेंट में फ्लैट देखने गए थे। बालकनी से नीचे देखते समय चक्कर आने से गिर गए। महेश नगर एसएचओ कविता शर्मा ने बताया कि मृतक अनिल कुमार मित्तल (74) निवासी चिरंजीवी कॉलोनी महेश नगर के रहने वाले थे। वह पीडब्लूडी डिपार्टमेंट से चीफ इंजीनियर के पद से रिटायर्ड हुए थे। शुक्रवार सुबह अनिल कुमार अपने साले के साथ स्वेज फॉर्म स्थित महिमा एलीट में फ्लैट खरीदने के लिए देखने गए थे। फ्लैट को देखने के बाद बिल्डिंग की हाइट देखने गए ओर बालकनी से नीचे देखते समय अचानक चक्कर आने से सात मंजिल नीचे आकर गिरने से उनकी मौत हो गई।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

चलती कार में चल रही थी शराब पार्टी... किसी साथी की ही पिस्तौल से हो गया फायर

# मर्डर इन सिटी: प्रॉपर्टी डीलर के सिर में गोली लगी... मौत

बेधड़क | जयपुर

आंधी स्टेट हाईवे पर गुरुवार रात गोली लगने से प्रॉपर्टी डीलर की मौत हो गई। यह करोबारी गुरुवार रात अपने तीन दोस्तों के साथ चलती कार में शराब पार्टी कर रहा था। इस दौरान बिजनेसमैन को गोली लग गई।

दोस्त ही युवक को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने बिजनेसमैन को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद तीनों दोस्त मौके से गायब हो गए। पुलिस ने दो साथियों को राउंडअप कर लिया है, तीसरे की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी हरदयाल मीना ने बताया कि गोली लगने से जमवारामगढ़ (जयपुर) की खसानों की ढाणी लाली निवासी मुकेश गुर्जर (26) पुत्र भौरी लाल की मौत हो गई। गुर्जर प्रॉपर्टी डीलर था। गुरुवार रात को सिर में गोली लगने पर मुकेश को लहूलुहान हालत में कार सवार दोस्त एसएमएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे।



### गोली किसने मारी... हो रही जांच

गुरुवार रात को प्रॉपर्टी कारोबारी मुकेश अपने तीन दोस्तों के साथ घूमने निकला था। आंधी स्टेट हाईवे पर चारों दोस्त चलती कार में शराब पार्टी कर रहे थे। शराब पार्टी के दौरान चली गोली मुकेश गुर्जर के सिर में लगी। गोली किसने मारी और कैसे चली इसकी जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार हॉस्पिटल प्रशासन रात करीब तीन बजे पुलिस को घटना की जानकारी दी थी।



### क्या कहते हैं सीओ

जमवारामगढ़ सीओ प्रदीप कुमार गोयल ने बताया कि एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी में शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। जांच में सामने आया है कि शराब पार्टी के बाद रात करीब 2 बजे चारों दोस्त बोलेरो गाड़ी से आंधी इलाके में स्थित होटल पर खाना जाने जा रहे थे। रास्ते में बोलेरो में बैठे साथी के पास मौजूद पिस्तौल से निकली गोली मुकेश के सिर में लगी थी।

तीसरे दिन भी रहा जारी जेडीए का अवैध कब्जों-अतिक्रमणों पर प्रहार

# पीला पंजा: नहीं बच पाए मैरिज गार्डन कॉम्पलैक्स, कई दुकानें और होटल

**तीन दिन में 6.5 किलोमीटर क्षेत्र से हटाए 650 अवैध कब्जे और अतिक्रमण**

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण का अतिक्रमणों और अवैध कब्जों पर प्रहार शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। जेडीए का बुलडोजर शुक्रवार को मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक 200 फीट सेक्टर रोड पर किए गए अवैध कब्जे और अतिक्रमणों पर चला। इस दौरान कई पक्के निर्माण ध्वस्त किए गए।

बता दें, जेडीए ने यह कार्रवाई 26 जून से शुरू की, जो लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। शुक्रवार को मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड से सांगानेर फ्लाई ओवर (रेल्वे लाइन) तक करीब 2 किमी तक एरिया में लगभग 280 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटाया गया। प्राधिकरण के मुख्य नियंत्रक-प्रवर्तन महेन्द्र कुमार के निर्देशन में उपायुक्त पी.आर.एन. (साउथ), उप नियंत्रक-प्रवर्तन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-08, 09, 14, पी.आर.एन. (नॉर्थ) एवं पीआरएन (साउथ) के सहयोग से मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड से सांगानेर फ्लाई ओवर (रेलवे लाइन) तक रोड सीमा से करीब 2 किलोमीटर के दायरे में 188 दुकानों/मकानों, 2 होटल/कैफे, एक स्कूल, 3 मैरिज गार्डन, 18 व्यावसायिक कॉम्पलैक्स, 5 चारदीवारी, एक मंदिरनुमा ढांचा, होर्डिंग-साइन बोर्ड स्थाई-अस्थाई किए गए लगभग 280 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन दस्ते दन जेसीबी, पोकलेंड मशीन व लोखंडा गैस कटर तथा मजदूरों की सहायता से यह अभियान चलाया।






### रोड सीमा को किया चौड़ा

मुख्य नियंत्रक-प्रवर्तन महेन्द्र कुमार ने बताया कि मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक 200 फीट सेक्टर रोड पर किए गए अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाने की कार्रवाई के दौरान 26 जून से 28 जून तक 6.5 किलोमीटर से कुल 650 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटा कर रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।





### न्यायालय के आदेशों पर कुछ को छोड़ा

मुख्य नियंत्रक-प्रवर्तन ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान उन अतिक्रमणों को छोड़ा गया है, जिन पर होने वाली कार्रवाई पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश दिए गए हैं।

हो रहे थे आए दिन सड़क हादसे

# अब बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाएगा जेडीए



बेधड़क | जयपुर

न्यू सांगानेर रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद अब सड़क को 200 फुट चौड़ी करने के लिए बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाया जाएगा। इसके लिए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने तैयारी शुरू कर दी है। 10 साल में कॉरिडोर का उपयोग तक तय नहीं हो पाया। उल्टा एक्सीडेंट जोन बनकर रह गया। इतने सालों में कोई सरकार इसका इलाज नहीं निकाल पाई। अब माना जा रहा है अतिक्रमण हटाने के बाद सरकार जल्द निर्णय लेगी। इस संबंध में जेडीए ने सीएमओ को एक कॉरिडोर की अनुपयोगिता को लेकर रिपोर्ट भेजी थी। जेडीए अधिकारियों के अनुसार हाउसिंग बोर्ड की बाउंड्री से सड़क को 200 फीट चौड़ी की जाएगी। वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई 150 से 160 फुट ही है। ऐसे में जेडीए की टीम ने सेक्टर रोड पर पिछले कुछ सालों में हुए 40 से 50 फीट तक अतिक्रमण को हटाया। इसमें कुल 690 निर्माण आ रहे थे। इनमें 15 से अधिक रेस्टोरेंट, 20 से ज्यादा मैरिज गार्डन, फार्म हाउस समेत 500 से ज्यादा दुकानें शामिल थीं। अब अतिक्रमण जेडीए द्वारा हटा दिया गया। ऐसे में सड़क को दोनों तरफ से 100-100 फीट चौड़ी किया जाएगा। इसके लिए बीआरटीएस कॉरिडोर हटाया जाएगा।

### बीआरटीएस को हटाकर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा

बीआरटीएस कॉरिडोर का उदेश्य पब्लिक ट्रासपोर्ट को सुगम बनाना था, लेकिन इस कॉरिडोर से आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सार्वजनिक परिवहन के नाम पर यह कॉरिडोर कोई काम नहीं आ रहा है। करोड़ो रूपए खर्च करने के बाद ये प्रोजेक्ट हादसो का कॉरिडोर बन चुका हैं। यह प्रोजेक्ट जेडीए के गले की फांस बन चुका है। इस बीच जेडीए और नगरीय विकास विभाग इसे ग्रीन कॉरिडोर बनाने की तैयारी में जुट गया है। अजमेर रोड से किसान धर्म कांटा, न्यू सांगानेर रोड, बी-2 बाईपास तक बीआरटीएस कॉरिडोर 9 किलोमीटर में बनाया गया है। इसके निर्माण पर 90 करोड़ रुपए खर्च किए गए। न्यू सांगानेर बी-2 बाईपास कॉरिडोर का संचालन वर्ष 2014-15 से शुरू किया गया।

#### कॉरिडोर फेल होने के 4 प्रमख कारण

- कॉरिडोर अधूरा बना, उपयोग नहीं हुआ।
- बसें नहीं, जो चल रही उनकी फ्रिक्वेंसी नहीं।
- टिकटिंग व्यवस्था प्रॉपर नहीं।
- ट्रैफिक रेगुलेशन नहीं हो पाया।

आगामी कार्य योजना पर होगी चर्चा

## जैन महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन कल जयपुर में

बेधड़क | जयपुर

जैन समाज की 130 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय संस्था श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं राष्ट्रीय अधिवेशन 30 जून को गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित होगा। महासभा के राजस्थान प्रांत अध्यक्ष कमल बाबू जैन ने बताया कि महासभा के सभी विंग धर्म संरक्षिणी, तीर्थ संरक्षिणी, श्रुत संवर्धिनी, महिला एवं युवा घटक एवं जैन राजनैतिक चेतना मंच के महासंगम के शीर्ष प्रतिनिधि महाअधिवेशन में अपने-अपने कार्यक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, प्रतिनिधियों द्वारा विगत वर्षो में समाज के लिए किए कार्यों की समीक्षा की जाएगी एवं आगामी वर्ष की कार्य योजना के बारे में अपने विचार साझा किए जाएंगे। गजराज जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रकाशचंद बड़जात्या महामंत्री सहित केंद्रीय कार्यकारिणी एवं विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि अधिवेशन में अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की धौलपुर में बड़ी कार्रवाई

## 1000 किलो मिल्क पाउडर और 800 किलो पनीर करवाया नष्ट... केस दर्ज

बेधड़क | जयपुर

चिकित्सा विभाग के अभियान शुद्ध आहार मिलावट-पर वार अभियान के तहत शुक्रवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा इकबाल खान के निर्देशन एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के मार्गदर्शन में व डॉ एसएन धौलपुरिया, संयुक्त आयुक्त के सुपरवीजन में केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा धौलपुर में बड़ी कार्रवाई की। डॉ.जयंतीलाल मीणा, CMHO धौलपुर ने बताया की अजंता मिल्क फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, रीको इंडस्ट्रियल एरिया एक्सटेंशन धौलपुर के यहां एक्सपायरी डेट का 1000 किलो होल मिल्क पाउडर, 50 किलो एक्सपायरी स्कीम मिल्क पाउडर एवं वर्ष 2018 के पुराने एक्सपायरी केमिकल रीजेंट को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। साथ ही fssi act के तहत पनीर व चीज के दो नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए। इसी तरह शास्त्री डेरी उर्फ दीपू पनीर उद्योग चोपड़ा मंदिर के पास धौलपुर के यहां मिलावटी पनीर का नमूना लिया गया। यह पनीर पाम आयल व सेपरेटा दूध से बनाया गया था। ऐसे लगभग 800 किलो मिलावटी पनीर को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। यह पनीर 160 रुपए प्रति किलो की दर से जयपुर आगरा एवं आस पास के इलाके में सप्लाई किया जा रहा है। भोले बाबा मिल्क फूड्स धौलपुर से कृष्ण घी के दो, बटर एवं डेयरी व्हाइटनर के चार नमूने जांच के लिए भेजे।

मानसून की तैयारियां: हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा और ग्रेटर निगम आयुक्त रुकमणि रियाड़ ने किया दौरा

# जलभराव वाली सड़कों पर हेरिटेज निगम विकसित करेगा हार्वेस्टिंग सिस्टम

बेधड़क | जयपुर

मानसून की बारिश में पानी से लबालब होने वाली सड़के भूतल का पानी भी रिचार्ज करेगी। हेरिटेज निगम जल्द इस ओर कदम उठाने जा रहा है। शुक्रवार को हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने ऐसे क्षेत्रों का दौरा किया, जहां तेज बारिश में सड़क पर जलभराव हो जाता है। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने ऐसे इलाकों को चिह्नित कर जल्द सिस्टम डवलप करने के निर्देश दिए है। हेरिटेज निगम आयुक्त सुराणा ने निगम अधिकारियों के साथ स्टेच्यू सर्किल, परिवहन मार्ग, सर्किट हाउस, सिविल लाइंस फाटक, जय सिंह हाईवे, रेलवे स्टेशन के बाहर पानी भरने वाली जगहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों ने बताया कि इन जगहों पर सड़क काफी नीचे है, साथ ही यहां पानी निकास की जगह कम है। ऐसे में तेज बारिश आने पर कुछ समय तक सड़क पर पानी भर जाता है। ऐसे में भूतल में पानी रिचार्ज हों, इसके लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किया जाएगा।



### आपदा प्रबंधन व्यवस्था देखी

इसके अलावा सुराणा ने शहर में निचले इलाकों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि तेज बारिश में जनजीवन प्रभावित नहीं हो, इसके लिए निगम की ओर से आपदा राहत के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। निचले इलाकों में समर सीवल लगाई गई है। जिससे कि कॉलोनियों में पानी नहीं जाएं। आयुक्त ने लंकापुरी, शास्त्री नगर, खानियां बंधा, जवाहर नगर कच्ची बस्ती में व्यवस्थाओं को देखा।

### आयुक्त रियाड़ ने किया दो जोन का दौरा



नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुकमणि रियाड़ ने शुक्रवार को मुरलीपुरा एवं विद्याधर नगर जोन का दौरा कर मानसून में आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियत्रंण कक्ष के संबंध में तैयारियों का जायजा लिया। आयुक्त ने विश्वकर्मा फायर स्टेशन पर जाकर उपस्थिति पंजिका देखी तथा हेल्पलाइन नंबर पर स्वयं ने कॉल करके भी बात की हेल्पलाईन नंबर चालू हालत में पाया गया। आयुक्त ने संबंधित अधिशाषी अभियन्ता को जिन नालों पर फेरो कवर नहीं पाए गए उन नालों को फेरो कवर से ढंकने के निर्देश दिए। रियाड़ ने इस दौरान सीएनडी वेस्ट हटवाने के निर्देश दिए, साथ ही जिन खाली प्लाटों में कचरा डाला जा रहा है उससे संबंधित व्यक्तियों पर चालान के निर्देश दिए। जिन दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं पाए गए उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**जरूरी खबर**

## बिजली कटौती को लेकर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा




**श्रीगंगानगर।** जिले सादुलशहर कस्बे के गांव बुधरवाली लोगों का विधुत व्यवस्था को लेकर गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने विधुत विभाग का घेराव कर दिया। ग्रामीणों ने विधुत विभाग के दफ्तर पर जोरदार नारेबाजी की और जिला कलक्टर की जनसुवाई में प्रदर्शन की चेतावनी दी। पूर्व पंच कौर सिंह का कहना है कि पिछले लम्बे समय से वे विधुत कटौती से परेशान हैं। हर रात को दो से तीन घंटे का कट लगा दिया जाता है जिससे रात भर उन्हें परेशानी होती है।

## ग्राम, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर होगी जनसुनवाई

**सीकर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आदेश पर अब से ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर नियमित रूप से जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनसुनवाई में ग्राम स्तर, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। नियमित रूप से होने वाली इन जनसुनवाईयों मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा विशेष मॉनिटरिंग की जाएगी। सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा ने बताया कि 4 जुलाई को गोकुल का बास, गुरारा खंडेला में ग्राम स्तरीय जनसुनवाई एवं 11 जुलाई को फतेहपुर में 18 जुलाई को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिसमें जिला कलेक्टर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे।

## गोमुख कुंड में डूबने से एक युवक की मौत



**चित्तौड़गढ़।** विश्व विख्यात ऐतिहासिक दुर्ग स्थित गौमुख कुंड में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी संजीव स्वामी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। यह हादसा था या फिर आत्महत्या, इसके लिए जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। युवक के पास मिले दस्तावेजों में उसकी पहचान भीलवाड़ा के गुलाबपुरा निवासी घनश्याम के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर दिया। जानकारी के अनुसार युवक की लाश पानी में तैरती देखकर कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बाहर निकलवाया और अस्पताल पहुंचाया।

### राजाखेड़ा- धौलपुर मार्ग को बाधित कर धरने पर बैठे ग्रामीण, समस्याओं का समाधान कर हालात सुधारने की मांग

# पानी-बिजली के लिए मची त्राही-त्राही, सड़कों पर उतरे लोग

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले के राजाखेड़ा उपखंड के मरैना कस्बे में पानी-बिजली की समस्या को लेकर शुक्रवार को स्थानीय लोगों का धैर्य जवाब दे गया। समस्या से आंक्रोषित लोगों ने राजाखेड़ा- धौलपुर मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे करीब एक घंटे तक रोड के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई।

मामले की भनक लगते ही दिहोली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दिहोली थाना क्षेत्र के मरैना कस्बे में विगत करीब हफ्ते भर से नल नहीं आने के कारण लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। बिजली की अघोषित कटौती की वजह से पेयजल विभाग द्वारा नलों में सप्लाई नहीं दी जा रही है। खेतों पर लगे ट्यूबवेल एवं कुआं के माध्यम से ग्रामीण पानी के लिए मशक्कत कर रहे हैं।समस्या को लेकर कई मर्तबा पेयजल विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है, लेकिन गर्मी का पूरा सीजन निकल गया।



जिम्मेदार अधिकारियों ने समस्या से निजात नहीं दिलाई है। शुक्रवार को ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया और मरैना कस्बे में राजाखेड़ा धौलपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम में महिलाएं भी शामिल हो गईं। पेयजल विभाग और विद्युत निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर हंगामा किया। हाथों में बर्तन लेकर महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त किया।

### पुलिस को सुनाई खरी-खोटी

मामले की खबर सुनकर स्थानीय दिहोली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन पुलिस को भी ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस को ग्रामीण महिलाओं ने खरी-खोटी सुनाई। ग्रामीण पेयजल एवं विद्युत निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने के लिए अड़ गए। जाम लगने से वाहनों की दोनों तरफ लंबी-लंबी कतारें लग गईं। थाना प्रभारी परमजीत सिंह पटेल ने समस्या के समाधान का आश्वासन देकर जाम को खुलवाया।

### इधर, पानी के लिए सड़क पर उतरे रेलकर्मी

**अजमेर।** रेलवे कार्यालय, रेलवे स्टेशन और रेल कारखाने के अलावा रेलवे कॉलोनी में पानी की किल्लत से परेशान रेल कर्मचारी शुक्रवार को सड़क पर उतर आए। पेयजल की निर्धारित सप्लाई की मांग को लेकर उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के बैनर तले रेलकर्मियों ने जिला मुख्यालय के बाहर लामबंद होकर पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। अजमेर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव एस आई जैकब ने कहा कि चार माह से पीएचईडी की ओर से रेलवे कॉलोनी में निर्धारित सप्लाई नहीं दी जा रही है। इस कारण रेलवे अस्पताल, रेलवे स्टेशन, मदर रेलवे स्टेशन और डिपो, कैरिज और लोकों कारखाने, रेलवे कॉलोनियों में पानी की किल्लत है। इस कारण रेल कर्मचारियों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। जैकब ने बताया कि रेलवे को प्रतिदिन 26 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है। जबकि विगत 15 दिनों से औसतन प्रतिदिन केवल 9 से 10 लाख लीटर पानी की ही सप्लाई दी जा रही है। जल संसाधन मंत्री और अजमेर के दोनों विधायकों को ज्ञापन सौपा गया।

### उद्यान प्रशासन मौसम का बदलाव और गर्मी को बता रहा वजह

# केवलादेव में सैकड़ों कछुए और हजारों मछलियां मरी

**बेधड़क** | भरतपुर

देश-दुनिया में प्रसिद्ध केवला देव राष्ट्रीय उद्यान में बारिश से पहले ही सैकड़ों कछुए और हजारों मछलियां कालकलवित हो चुके हैं। जलाशयों में पानी की कमी और प्रदूषित पानी की वजह से कछुए और मछलियां मर रही हैं। पानी में ऑक्सीजन की कमी और गोवर्धन ड्रेन का प्रदूषित पानी भी इसकी वजह बन रहा है।

हालांकि, घना उद्यान प्रशासन इन जलीय जीवों की मौत के पीछे मौसम में बदलाव और गर्मी को मान रहा है। इस समय घना के सिर्फ डी ब्लॉक में पानी है। अन्य जलाशयों में पानी सूख गया है या फिर ना के बराबर है। ऐसे में घना के बी, डी और ई ब्लॉक में बड़ी संख्या में कछुओं क मौत हुई है। इनकी संख्या सौ से अधिक बताई जा रही है।

इस संबंध में घना निदेशक मानस सिंह का कहना है कि घना में पिछले साल जैकॉल ने जिन कछुओं का शिकार किया था, उनके कंकाल पड़े हैं। इस बार ज्यादा कछुए नहीं मरे हैं। उद्यान में केवल डी ब्लॉक में पानी बचा है। ऐसे में जो ब्लॉक सूख गए हैं, उनकी मछलियां तो मरी ही हैं। इसके साथ ही डी ब्लॉक में भी हर दिन बड़ी संख्या में मछलियां मर रही हैं। इस ब्लॉक में गोवर्धन ड्रेन का और कुछ चंबल से लिया गया पानी भरा हुआ है। पानी प्रदूषित होने के साथ ही ऑक्सीजन की वजह से भी मछलियां मर रही हैं। घना निदेशक मानस सिंह का कहना है कि घना के जलाशयों में प्रदूषित पानी नहीं है। मछलियां मौसम में बदलाव होने और गर्मी की वजह से मर रही हैं। मछलियां ज्यादा संख्या में नहीं मरी हैं।



### जल प्रबंधन नहीं सुधरा तो बिगड़ सकते हैं हालात

घना में बड़ी संख्या में मछलियां मरने से यहां आने वाले पक्षियों के लिए भोजन का भी संकट हो सकता है। फिलहाल घना में ओपन बिल स्टार्क ने नेस्टिंग की हुई है। साथ ही ई-ग्रेट आदि पक्षी भी आना शुरू हो गए हैं। अगर घना प्रशासन ने अपने जल प्रबंधन में सुधार नहीं किया, तो हालात बिगड़ सकते हैं। पर्यावरणविद डॉ केपी सिंह का कहना है कि केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में आने वाला गोवर्धन ड्रेन का पानी प्रदूषित है। इस पानी में हेवी मेटल के पोल्यूटेड कंटेंट हैं। यदि ऐसे पानी को घना के हैबिटाट में लगातार डाला जा रहा है, तो इससे पूरा हैबिटाट खराब होने की आशंका है। इसका घना की वनस्पतियों पर भी दुष्प्रभाव पड़ेगा।

### जरूरत के अनुसार नहीं मिल रहा पानी

गौरतलब है कि केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पूरे पर्यटन सीजन में कुल 550 एमसीएफटी पानी की जरूरत होती है। घना को चंबल परियोजना से 62.5 एमसीएफटी पानी मिलना होता है, जिसमें से अधिकतर पानी मानसून से पहले मिलना चाहिए, लेकिन इस बार अभी मुश्किल से 3 से 4 एमसीएफटी पानी ही मिल पाया है। घना में पानी की पूर्ति गोवर्धन ड्रेन के पानी से की जाती है, लेकिन हकीकत में इस पानी में उत्तर प्रदेश, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ आदि क्षेत्रों से प्रदूषित औद्योगिक पानी मिल जाता है, जो कि घना और यहां आने वाले पक्षियों के लिए ठीक नहीं है।

### कई होटल रेस्टोरेंट में कार्रवाई

# बाहरी राज्यों से अनैतिक कार्य के लिए लाई गई 15 लड़कियों को किया रेस्क्यू

**बेधड़क** | उदयपुर

जिले की प्रताप नगर व गोवर्धन विलास थाना पुलिस की टीम ने डीएसटी के साथ मिल बड़ी कार्रवाई करते हुए बाहरी राज्यों से अनैतिक कार्य के लिए लाई गई 15 लड़कियों को रेस्क्यू कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि उदयपुर शहर में होटलों एवं उपनगर क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों होने की सूचना मिलने पर डीएसटी सहित सभी थाना अधिकारियों को इन गतिविधियों पर लगाम लगाने एवं धरपकड़ के निर्देश दिए गए है।

इसी दौरान थाना गोवर्धन विलास एवं प्रताप नगर क्षेत्र में इसी प्रकार की गतिविधियां होने की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ पूर्व गोपाल सिंह मेवाडा व सीओ गिर्वा गजेंद्र सिंह राव के सुपरविजन एवं एसएचओ प्रताप नगर भरत योगी, एसएचओ गोवर्धन विलास भवानी सिंह राजावत व डीएसटी प्रभारी देवेंद्र देवल के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। प्रताप नगर थाना पुलिस की टीम द्वारा कुल 9 लड़कियों को रेस्क्यू कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई ढिकली स्थित रूद्र विहार विला में की गई। दिल्ली से लाई गई तीन महिलाओं को रेस्क्यू कर दलाल सुनील कुमार यादव निवासी रेवाड़ी हरियाणा एवं तारक कीर्तनीया निवासी कालकाजी दक्षिणी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक रणजीत सिंह मय टीम द्वारा देबारी स्थित डायमंड गेस्ट हाउस पर छापा मार मध्य प्रदेश से लाई गई दो महिलाओं को रेस्क्यू कर गेस्ट हाउस संचालक माव राम पटेल निवासी कराकला बम्बोरा थाना कुराबड को गिरफ्तार किया गया।



इसी प्रकार पुराना आरटीओ रोड स्थित सांवरिया गेस्ट हाउस पर छापामार मध्य प्रदेश एवं दिल्ली से लाई गई चार महिलाओं को रेस्क्यू कर गेस्ट हाउस संचालक महेंद्र पटेल पुत्र केवाजी निवासी गिंगला को गिरफ्तार किया गया। बलीचा स्थित होटल सिटी प्राइड में छापा मार 6 लड़कियों को रेस्क्यू कर होटल के काउंटर पर बैठे अशोक कलाल निवासी करावली जिला सलूंबर को गिरफ्तार किया गया।

### आईजी रविदत्त गौड़ को लेकर दिए बयान पर नाराजगी

# PCC चीफ डोटासरा के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने जताया आक्रोश

**बेधड़क** | दौसा

जिले के ब्राह्मण समाज ने राजस्थान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि डोटासरा ने कोटा रेंज आईजी रविदत्त गौड़ को लेकर अमर्यादित और धमकाने वाली भाषा का इस्तेमाल के किया है। उन पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

गौरतलब है कि बीते दिनों एक सभा के दौरान प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस गोविंद सिंह डोटासरा ने एक जनसभा में कोटा रेंज आईजी रविदत्त गौड़ के खिलाफ अमर्यादित और अलोकतांत्रिक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। इस बयान के विरोध में शुक्रवार को ब्राह्मण समाज ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा जैसे लोग ब्राह्मण समाज के अधिकारी को नीचा दिखाने का काम करते हैं। साथ ही पुलिस की गरिमा को गिराने के चलते पुलिस को दबाव में लाने और जाति विशेष के अधिकारी को प्रताड़ित कर धमकाने जैसा कृत्य सार्वजनिक रूप से करते हैं। इससे पूरे राजस्थान प्रदेश में राजनेताओं की निरंकुशता और अलोकतांत्रिक आचरण के खिलाफ जन भावना भड़क उठी है।



### उद्यम प्रोत्साहन योजना जागरूकता शिविर में विधायक बैरवा बोले

# योजनाओं का लाभ उठाकर सुधारें आर्थिक हालात

**बेधड़क** | चाकसू

प्रदेश में उद्यमों की सरल स्थापना एवं राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय संस्थानों के माध्यम से ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी युक्त ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को विधायक रामावतार बैरवा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उघम प्रोत्साहन योजना को लेकर जागरूक शिविर में शिरकत की। इस दौरान विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य उद्गम विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार के क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रभावी भूमिका एवं योगदान सुनिश्चित करना है। कम लागत परिणाम उपलब्ध करवा कर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है, ताकि राज्य के नागरिक जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही है वे सब इन योजनाओ का लाभ प्राप्त कर के आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सके। उन्होंने कहा कि सरकार कि मंशानुरूप इससे इन वर्गों के युवाओं के लिए आर्थिक उन्नति के रास्ते खुलेंगे साथ ही स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र जयपुर के महाप्रबंधक सुभाष शर्मा, जिला उद्योग अधिकारी आनंद शर्मा ने भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी तथा आवेदन पूर्ण करने की प्रक्रिया विस्तार से बताई। कहा कि सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए रोजगार के अवसर बढा रही है। इस मौक़े पर भाजपा नगर अध्यक्ष रामधन सैनी समेत नगर पालिका अधिकारी, पार्षद गण सहित शहरवासी उपस्थित रहे।




### विवाहिता चढ़ी दहेज की बलि...

# खेत पर जला रहे थे बहू की लाश, परिजन पहुंचे तो भागे

**बेधड़क** | दौसा

जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। जिसके बाद महिला के ससुराल वाले उसके शव को खेत में जला रहे थे, लेकिन इसी दौरान महिला के मायके पक्ष के लोग पहुंच गए। इसके बाद ससुराल वाले अधजली लाश को छोड़कर मौके से भाग निकले।

मामला दहेज हत्या से जुड़ा बताया जा रहा है। महिला के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। दरअसल राजस्थान के दौसा जिले में 21 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर बिना बताये अंतिम संस्कार करने का आरोप लगाया। पुलिस के मुताबिक, घटना लालसोट थाना क्षेत्र में गुरुवार रात को हुई।



### पति, सास-ससुर सहित 5 पर केस दर्ज

पुलिस उपाधीक्षक उदयसिंह मीणा ने बताया कि डिगो गांव में सुनीता देवी (21) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद ससुराल पक्ष ने महिला के परिजनों को बताये बिना अंतिम संस्कार कर दिया। उन्होंने बताया कि महिला के परिजनों की शिकायत पर विवाहिता के पति, सास-ससुर, ननद, चाचा ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मौके से एफएसएल टीम ने जुटाए सबूत

मीणा ने बताया कि पुलिस के मौके पर पहुंचने तक विवाहिता का शव लगभग पूरी तरह से झुलस चुका था। उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम ने सबूत जुटाए हैं और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतका के परिजनों की शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं 304 बी, 498 ए और मारपीट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मंदिर माफी की भूमि को हड़पने का आरोप

**बेधड़क** | चाकसू

कोटखावदा कस्बे के छोटा बास में श्रीग्यानराय भगवान की मंदिर माफी भूमि को षड्यंत्र पूर्वक हथियाने के प्रयास करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। मंदिर की कृषि भूमि मंदिर के नाम रखने की मांग को लेकर कोटखावदा के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा जयपुर देहात जिला उपाध्यक्ष श्रवण गुर्जर के नेतृत्व में चाकसू उपखंड अधिकारी से मिलकर जल्द से जल्द कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मन्दिर माफी की जमीन को पुनः मन्दिर ग्यानराय महाराज के नाम लगाने की मांग की हैं। उपखंड अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में मंदिर की भूमि का नामांतकरण व्यक्ति विशेष द्वारा खुद के नाम खुलवाकर सैंकड़ों वर्षों से पूजा करने वाले पुजारी परिवार को जबरन बेदखल कर व षडयंत्र पूर्वक जमीन को हथियाना चाहता है। सवा सौ साल से पुजारी व उसका परिवार मंदिर में सेवा-पूजा कर रहा है। ज्ञापन में बताया है कि मंदिर श्री ग्यानराय महाराज का वर्तमान में पुजारी सीताराम शर्मा है जो मंदिर में सेवा पूजा करता है। मंदिर माफी की जमीन पर से सेवा पूजा करने वाले पुजारी परिवार के जीवन यापन का संकट पैदा हो हो रहा है।



**राजस्थान विश्वविद्यालय:** स्विमिंग पूल में छात्र विकास यादव के डूबने से मौत के मामले में बनी सहमति, धरना समाप्त

# विवि देगा 27 लाख मुआवजा... उठाएगा बहन की पढ़ाई का खर्च

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में छात्र विकास यादव की मौत पर पिछले 24 घंटे तक कुलपति आवास के बाहर चले धरने में मांगों पर सहमति बनने के बाद समाप्त कर दिया गया। विवि प्रशासन ने छात्रों की पांच सूत्री मांगों पर सहमति दे दी है। शुक्रवार को भाजपा विधायक कुलदीप धनकड़ और गोपाल शर्मा की मध्यस्थता के बाद छात्रों के प्रतिनिधिमंडल की कुलपति से मुलाकात हुई। जिसमें मेडिकल बोर्ड द्वारा विकास का पोस्टमार्टम करने के साथ ही उसके परिजनों को आर्थिक सहायता और विकास



की बहन के उच्च शिक्षा का खर्चा उठाने जैसे मुद्दों पर सहमति बनी है। इसमें विवि की ओर से अलग-अलग फंड से करीब 27 लाख की मुआवजा राशि और छोटी बहन की पढ़ाई का खर्चा दिया जाएगा। वहीं एक कमेटी गठित होगी। गौरतलब है कि गुरुवार शाम राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र विकास यादव की यूनिवर्सिटी के ही स्विमिंग पूल में मौत हो गई थी। इसके बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कुलपति आवास के बाहर धरना शुरू कर दिया था। इसके बाद शुक्रवार को भाजपा विधायकों की मध्यस्थता के बाद इस पूरे विवाद को खत्म किया गया है। अब विकास यादव का मेडिकल बोर्ड की निगरानी में पोस्टमार्टम किया जाएगा। हालांकि अब तक विकास की मौत के कारण का पता नहीं चल पाया है।

### इन मांगों पर सहमति बनी

- राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा अपने कोष से 10 दस लाख रुपए की सहायता।
- राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा पंजीकृत बीमा कंपनी से 12 लाख रुपए के दुर्घटना बीमा की मिलेगी सहायता राशि।
- मुख्यमंत्री सहायता कोष से सरकार द्वारा 5 लाख रुपए की सहायता राशि।
- दोषियों पर कार्रवाई के लिए जांच कमेटी का गठन जो देंगी 15 दिन में रिपोर्ट।
- छोटी बहन की उच्च शिक्षा तक का खर्चा वहन किया जायेगा।

### होने चाहिए चार लाइफगार्ड और दो कोच

राजस्थान यूनिवर्सिटी के कुलपति के आवास के बाहर गुरुवार रात जो सैकड़ों छात्र जुटे, वो शुक्रवार को भी पूरे दिन डटे रहे। अपने साथ विकास यादव को न्याय दिलाने की मांग को लेकर छात्र संगठनों ने मृतक के परिजनों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता भी मौजूद रहा, जो छात्रों से समझाइश भी करता रहा। छात्र प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि एक तरफ छात्रों से फॉर्म भरते समय स्विमिंग पूल एरिया में उनकी सिक्योरिटी के मद्देनजर फीस ली जाती है। वहीं, दूसरी तरफ मौके पर जहां चार लाइफगार्ड और दो कोच होने चाहिए। उनकी बजाए दो लाइफगार्ड और एक कोच ही मिलता है, वो व्यस्त रहते हैं। उन्होंने पूरे प्रकरण में विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इस गैर जिम्मेदाराना हरकत पर कुलपति और कोच से इस्तीफा मांगा। वहीं, विकास के परिजन रोहिताश यादव ने बताया कि विकास के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। उसके पिता बेरोजगार हैं। दो छोटी बहनें हैं। विकास शुरू से ही एक होनहार छात्र था। उसी से ही पूरे परिवार की उम्मीद बंधी हुई थी, इसलिए न्याय मिले और परिवार में आश्रित बहनों के लिए कोई ऐसी मदद हो कि उन पर आर्थिक भार ना आए। उनके परिवार में से किसी एक को सरकारी नौकरी दी जाए।

## Yuva स्टोरीज

### NSSO और आरयू का सांख्यिकी विभाग आज मनाएगा सांख्यिकी दिवस

**बेधड़क. जयपुर।** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (भारत सरकार) के तहत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के अंचल (उत्तर) कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से शनिवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। सांख्यिकी दिवस की थीम "निर्णय लेने में आंकड़ों का उपयोग" है, जो निर्णय-निर्धारण प्रक्रिया में सटीक व समयबद्ध आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के सेमिनार होल में शनिवार सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पी.के. दशोरा होंगे। कार्यक्रम में एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर के स्कूल ऑफ सोशल साइंस के प्रमुख प्रो. जगदीश प्रसाद का भी संबोधन होगा। जो इस साल की थीम पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट लोगों में राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. जयन्त सिंह, हरदीप सिह चौपड़ा (आईएसएस), उप महानिदेशक उत्तर अंचल कार्यालय एनएसएसओ क्षेत्र संकार्य प्रभाग जयपुर एवं डॉ. हंसराज यादव (आईएसएस), उप महानिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय एनएसएसओ क्षेत्र संकार्य प्रभाग जयपुर होंगे। आयोजन में एनएसएसओ के अधिकारी व कर्मचारी एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र व शोधकर्ता भाग लेंगें।

### जयपुर डिस्कॉम में 18 को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के 18 आश्रितों को अनुकम्पात्मक आधार पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रुप में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रदान की है। सभी को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए है। निगम ने शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार 11 को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय, एक को सहायक द्वितीय एवं 6 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। सभी को दो वर्ष की परीवीक्षाकाल अवधि पर अस्थाई नियुक्ति दी गई है। परीवीक्षाकाल अवधि के दौरान इनको नियत मासिक पारिश्रमिक देय होगा तथा परिवीक्षाकालावधि सफलतापूर्वक पूरी करने पर इन्हे निर्धारित वेतनमान अनुज्ञाप्त किया जाएगा।

### व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चों ने कागज पर उकेरी प्रतिभा



**अजमेर।** ब्रह्माकुमारीज चंद्रवरदाई नगर शाखा की ओर से खेल स्टेडियम के सामने स्थित भवन में तीन दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को बीके कल्पना ने शिविर का उद्घाटन किया। सेंटर प्रभारी बीके योगिनी ने बताया कि पहले दिन चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने कागज पर कलाकृतियां उकेरी। वहीं मेरा मित्र और पर्यावरण दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें भी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों को नैतिक मूल्यों पर आधारित क्लास में शिक्षा दी गई और विभिन्न खेल भी खिलाए गए। मेडिटेशन करवाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। शनिवार को कविता प्रतियोगिता होगी। साथ ही साइकोलॉजिस्ट अमिता सिंह सोशल मीडिया का बाल जीवन पर असर विषय पर सेशन लेंगी। रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ शिविर संपन्न होगा।

### 5 लाख 40 हज़ार से अधिक नौनिहाल गटकेंगे दो बूंद जिंदगी की

**जयपुर।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आगामी 30 जून से आयोजित किया जाएगा। 30 जून को पोलियो दिवस पर नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को 5924 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जिले में नवजात से लेकर 05 वर्ष तक के 5 लाख 40 हज़ार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 30 जून को पोलियो दिवस पर 5924 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जायेगी। आरसीएचओ जयपुर प्रथम कार्यवाहक डॉ. धर्मेंद्र कराड़िया ने बताया कि अभियान के आगामी तीन दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर पोलियो की खुराक पिलाएगी। अभियान के लिए क्षेत्र में 737सुपरवाइजर 226 ट्रांजिक्ट टीमें और 540 मोबाईल टीमें कार्य करेंगी।

**RBSE:** साल 2024 की पूरक और 2025 की मुख्य परीक्षा घोषित

# 12 वीं की 20 तो 10 वीं 27 फरवरी से होगी बोर्ड परीक्षा

- पूरक परीक्षा के आवेदन एक से दस जुलाई लिए जाएंगे

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पूरक परीक्षा 2024 और वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा और इसके लिए आवेदनों की तिथियां घोषित कर दी है। वर्ष 2024 की पूरक परीक्षा (प्रायोगिक) 25 जुलाई से एवं पूरक परीक्षा (सैद्धांतिक) 1 अगस्त से शुरू होगी। इसी तरह सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा 20 फरवरी 2025 और सेकेंडरी परीक्षा 27 फरवरी 2025 से होगी। इन परीक्षाओं के लिए आवेदन करने की तिथियां भी बोर्ड ने निर्धारित कर दी है।

बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा के निर्देश के अनुसार परीक्षा तिथियां निर्धारित की गई है। वर्ष 2024 के पूरक परीक्षार्थी आवेदन करने की अंतिम तिथि ऑनलाइन पूरक परीक्षा शुल्क के लिए सामान्य परीक्षा शुल्क एक से 10 जुलाई तक और अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित 11 से 18 जुलाई तक होगी। असाधारण परीक्षा शुल्क 1500 रुपए और नियमित परीक्षार्थी शुल्क 600 रुपए व 2100 रुपए एवं स्वयंपाठी ( प्राइवेट विद्यार्थी ) परीक्षार्थी शुल्क 650 रुपए, एक परीक्षा शुल्क सहित कुल 2150 रुपये शुल्क है। परीक्षा शुरू होने तक शुल्क केवल परीक्षा केंद्र पर डीडी से जमा होगा। परीक्षा और आवेदन तिथि घोषित होने से स्कूल संचालकों और विद्यार्थियों को फायदा मिला है।




### मुख्य परीक्षा के लिए 22 जुलाई से 21 अगस्त तक आवेदन

शर्मा ने बताया कि मुख्य परीक्षा 2025 में आवेदन करने की अंतिम तिथि नियमित परीक्षार्थियों, स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए सामान्य परीक्षा शुल्क से 22 जुलाई से 21 अगस्त तक, एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित 22 अगस्त से 2 सितंबर तक तथा असाधारण परीक्षा शुल्क ( केवल जिला मुख्यालयों पर केवल स्वंयपाठी परीक्षार्थियों के लिए ) 1500 रुपए और 650 रुपए तक परीक्षा शुल्क समेत कुल 2150 रुपए जमा होंगे। जिसकी तिथि तीन से 18 सितंबर तक रहेगी।

### ये हैं पूरक परीक्षा और मुख्य परीक्षा की आवेदन की तिथि

उन्होंने बताया कि पूरक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण और अनुत्तीर्ण रहने वाले विद्यार्थियों के लिए मुख्य परीक्षा 2025 के लिए परीक्षार्थी आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथियां सामान्य परीक्षा शुल्क 3 से 10 सितंबर तक, एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित 11 से 18 सितंबर तक और मुख्य परीक्षा 2025 के लिए भरे गए आवेदन पत्रों में ऑनलाइन संशोधन की तिथि 22 से 30 सितंबर तक होगी। उच्च माध्यमिक, उच्च माध्यमिक ( व्यवसायिक ), वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 20 फरवरी 2025 को शुरू होगी। माध्यमिक, माध्यमिक ( व्यवसायिक ) प्रवेशिका परीक्षा 27 फरवरी 2025 को शुरू होगी।

### पात्रता प्रमाण पत्र के लिए शुल्क और तिथियां

बोर्ड सचिव कैलाश शर्मा ने बताया की पात्रता प्रमाण पत्र के लिए स्वयंपाठी और नियमित परीक्षार्थियों के लिए आवेदन करने की तिथि 22 से 30 सितंबर तक है। ऐसे विद्यार्थी जो अन्य बोर्ड से प्रभावित होकर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबंध विद्यालय में इसी वर्ष कक्षा 11 और कक्षा 12 में प्रवेश प्राप्त किया है। यदि प्रवेश के वर्ष में पात्रता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते हैं तो उनसे लिया जाने वाला शुल्क 100 रुपए होगा। यदि विद्यार्थी ने कक्षा 11 और 12 में गत वर्ष प्रवेश लिया हो लेकिन पात्रता प्रमाण पत्र के लिए 1 वर्ष के बाद आवेदन कर रहा हो तो शुल्क 1 हजार रुपए और पात्रता प्रमाण पत्र शुल्क 100 रुपए समेत कुल 1100 रुपए होगा। यह तिथियां विगत हो जाने के बाद पात्रता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है तो कक्षा 11 के लिए शुल्क 1100 और कक्षा 12 के लिए शुल्क 2100 रुपए लिया जाएगा। जिसकी तिथि 1 अक्टूबर से 31 जनवरी 2025 है। इसी प्रकार तिथियां विगत हो जाने के बाद पात्रता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है तो कक्षा 11 के लिए शुल्क 2100 और कक्षा 12 के लिए शुल्क 3100 रुपए लिया जाएगा, जिसकी तिथि 1 से 25 फरवरी तक रहेगी।

### बोर्ड परिणामों में टॉपर्स का विधायक ने किया सम्मान



**चाकसू।** कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं 1 में शुक्रवार को राजस्थान शिक्षक संघ की ओर से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिणामों में 90 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने शिरकत कर 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने वाले होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित कर हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर सीबीइओ हनुमान मीणा, प्रिसिंपल रामलाल मीणा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अमित बाहेती सहित छात्र मौजूद थे।

# राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान और काजरी का प्रशिक्षण संपन्न



**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, उत्तर पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, जोधपुर और केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर ने संयुक्त रूप से हाइड्रोलॉजिकल मॉडलिंग विषय पर 24 से 28 जून के दौरान एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में, देश के विभिन्न हिस्सों से विविध पृष्ठभूमि वाले शोधकर्ता, वैज्ञानिक और शिक्षाविद प्रतिभागी थे। प्रशिक्षण में मृदा और जल मूल्यांकन तकनीक के उपयोग पर व्याख्यान और व्यवहारिक ज्ञान का समावेश किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, काजरी के प्राकृतिक संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियब्रत सांतरा ने प्रतिभागियों के साथ विचार-विमर्श किया तथा कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सौरभ नेमा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों ने कृषि-मौसम वेधशाला और एडी-कोवरियंस फ्लक्स टॉवर का दौरा किया। प्रशिक्षण समन्वयक मलखान सिंह जाटव, वैज्ञानिक, एनआईएच, सह-समन्वयक दिलीप बर्मन, वैज्ञानिक, एनआईएच और दीपेश माचीवाल, प्रधान वैज्ञानिक, काजरी और सुदेश सिंह चौधरी, वैज्ञानिक, एनआईएच के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. दीपेश माचीवाल, प्रधान वैज्ञानिक, काजरी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

**राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा**

## दिव्यांग सहित पात्र श्रेणी के अभ्यर्थियों की नहीं लगेगी फीस

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के स्ट्रीम-1 व स्ट्रीम-2 में आवेदन प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारम्भ हो रही है। जिसमें कक्षा 10 व 12 के लिए अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि निष्पादक मण्डल की 15वीं बैठक में लिए गए निर्णयानुसार अनाथ, बालसुधार गृह, घुमन्तू, दिव्यांगजन एवं ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र संलग्न करने पर वर्ष 2024-25 से स्ट्रीम-1 एवं स्ट्रीम-2 में आवेदन करने पर समस्त प्रकार के शुल्क (मय विलम्ब शुल्क) में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। अभ्यर्थी की सुविधा के लिए आरएसओएस सन्दर्भ केन्द्रों की संख्या में 440 की वृद्धि कर कुल 983 केन्द्र स्थापित किये गये है।

ई-कन्टेन्ट के माध्यम से अध्ययन करने वाले अभ्यर्थियों को शुल्क में लगभग 40 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी गई है। पूर्व की भांति महिला/बालिका को ''शिक्षा सेतु'' योजना का लाभ मिलेगा। अभ्यर्थी स्ट्रीम-2 के लिए 16 अगस्त तक आवेदन कर सकते है तथा स्ट्रीम-1 में आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है।

**पत्रकारिता विवि** | **एडमिशन के लिए आवेदन कल तक**

# HJU में छात्रों और आरक्षित वर्ग को फीस में छूट

**बेधड़क** | जयपुर

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) में अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय में तीन वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स(बीए-जेएमसी) और चार वर्षीय बीए-जेएमसी (ऑनर्स-मीडिया स्टडीज) के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। इसके साथ ही दो वर्षीय स्नातकोत्तर (मास्टर डिग्री) में मीडिया स्टडीज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, विज्ञापन और जनसंपर्क, न्यू मीडिया और विकास संचार विषयों के लिए किया जा सकता है। इच्छुक स्टूडेंट आवेदन विवि की वेबसाइट hju.ac.in पर जाकर कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है।



कुलपति प्रो.(डॉ.) सुधि राजीव ने बताया कि सभी वर्ग की छात्राओं को ट्यूशन फीस में छूट दी जा रही है। यह छूट राजस्थान के अलावा दूसरे प्रदेशों की लड़कियों को भी मिल रही है। इसके साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी (नॉन क्रीमीलेयर) वर्ग के छात्रों को भी ट्यूशन फीस में छूट दी जा रही है।

### नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम



कुलपति प्रो. (डॉ.) सुधि राजीव ने बताया कि विवि नई शिक्षा नीति-2020 लागू की गई है। सत्र 2024-25 में सभी पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुरूप ही संचालित होंगे। इनके निर्माण में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ ही कौशल विकास पर भी जोर दिया गया है। पत्रकारिता और मीडिया के अन्य क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) टूल्स की जानकारी भी पाठ्यक्रम में शामिल की है।

### चार पीजी डिप्लोमा में भी प्रवेश

समन्वयक अकादमिक एवं प्रशानिक (एचजेयू) डॉ. रतन सिंह शेखावत ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों- पीजी डिप्लोमा इन डेस्कटॉप पब्लिशिंग, पीजी डिप्लोमा इन फोटोग्राफी, पीजी डिप्लोमा इन ब्रॉडकास्ट जर्नलिज्म और पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक हेल्थ एंड मास कम्युनिकेशन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। शेखावत ने बताया कि पीएचडी के लिए भी आवेदन प्रक्रिया जारी है।

# मसले से मिशन बन गया पानी का मुद्दा




**प्रेम प्रकाश**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


नई सरकार के गठन के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ बातें स्पष्टता से देश के सामने रखी है। उन्होंने जहां विकसित भारत के निर्माण को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई, वहीं सरकार की पूर्व से चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाने की बात भी कही। इस बारे में कैबिनेट के सहयोगियों को उन्होंने खासतौर पर हिदायतें दी हैं। अलबत्ता चढ़ते पारे के बीच पानी की समस्या को लेकर जो स्थिति देश की राजधानी और बाकी हिस्सों में है, उसमें जरूर सरकार की नीति और दृष्टि को लेकर कुछ बातें साफ होने की हैं। पानी को लेकर चुनौती इसलिए भी बड़ी है क्योंकि विश्व जनसंख्या में भारत की हिस्सेदारी 18 फीसद है, जबकि वैश्विक अनुपात की दृष्टि से पीने योग्य स्वच्छ जल के चार फीसद संसाधन ही यहां उपलब्ध हैं। हम अकेले इतना ज्यादा भूजल दोहन करते हैं, जितना अमेरिका और चीन मिलकर करते हैं। बात अगर कृषि की करें तो भूजल पर हमारी निर्भरता सर्वाधिक है। लिहाजा इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नदी और जल संरक्षण की दिशा में होने वाले प्रयास ज्यादा प्रभावी होने चाहिए। यही नहीं कृषि से लेकर बाकी तमाम क्षेत्रों में पानी के किफायती इस्तेमाल पर हमें गौर करना होगा। पर ये तमाम अपेक्षाएं बीते एक दशक में देश में पानी से जुड़ी उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठातीं, बल्कि इससे उम्मीदें और मजबूत होती हैं।

आज जो स्थिति है उसमें अब सरकारों के लिए पानी मसला नहीं, बल्कि मिशन का नाम है। वैसे भी पानी आज वैश्विक मुद्दा है। बीते कुछ दशकों में जल संरक्षण को लेकर विश्व मानचित्र पर कई मॉडल उभरे हैं। बदलाव के इस सफर के एक छोर पर सिंगापुर जैसा छोटा मुल्क है, तो दूसरे छोर पर भारत जैसी विशाल आबादी और भूगोल वाला देश। बहरहाल, बात पहले सिंगापुर की। दुनियाभर में सैर-सपाटे के लिए सबसे पसंदीदा ठिकाने और बिजनेस डेस्टिनेशन के रूप में सिंगापुर का नाम पूरी दुनिया में है। तीन दशक पहले जब डिजिटिलीकरण का जोर बढ़ा तो दुनिया भर की कंपनियों ने अपने उत्पाद को यहीं से तमाम देशों में भेजना और प्रचारित करना सबसे बेहतर माना। पर जैसा कि आज वहां के लोगों को लगता है कि सिंगापुर की एक दूसरी पहचान भी है, जो ज्यादा प्रेरक है, ज्यादा मौजू है। आने वाले चार दशकों के लिए आज सिंगापुर के पास पानी के प्रबंधन को लेकर ऐसा ब्लूप्रिंट है, जिसमें जल संरक्षण से जल शोधन तक पानी की किफायत और उसके बचाव को लेकर तमाम उपाय शामिल हैं। सिंगापुर की खास बात यह भी है कि उसका जल प्रबंधन शहरी क्षेत्रों के लिए खास तौर पर मुफीद है। गौरतलब है कि सिंगापुर के सामने लंबे समय तक यह सवाल रहा कि एक शहर-राष्ट्र जिसके पास न तो कोई प्राकृतिक जल इकाई है, न ही पर्याप्त भूजल भंडार है। उसके पास इतनी भूमि भी नहीं कि वह बरसात के पानी का भंडारण कर सके। ऐसे में गंदे पानी के शुद्धिकरण, समुद्री जल का खारापन कम करने और वर्षा जल के अधिकतम संग्रह के साथ सिंगापुर ने पानी से जुड़ी अपनी जरूरतों को पूरा करने का एक ऐसा मॉडल तैयार किया, जो एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के साथ सामाजिक बदलाव की एक बड़ी मिसाल है। सिंगापुर से भारत सीख तो सकता है, पर हमारे देश की आबादी और भूगोल ज्यादा मिश्रित और व्यापक है। लिहाजा पानी को लेकर भारतीय दरकार और सरोकार भी खासे भिन्न हैं। इसे भारतीय राजनीति में प्रकट हुए सकारात्मक बदलाव के साथ सरकारी स्तर पर आई नई योजनागत समझ भी कह सकते हैं कि अब स्वच्छता और घर-घर टोंटी से पानी की पहुंच जैसा मुद्दा साल के एक या दो दिन नारों-पोस्टरों से आगे सरकार की घोषित प्राथमिकता है।

> “नोबेल विजेता प्रोफेसर माइकल क्रेमर के एक शोध के मुताबिक सभी ग्रामीण परिवारों तक कवरेज के साथ जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन से बाल मृत्यु दर में सालाना 1.36 करोड़ की कमी आएगी। साफ है कि पानी के साथ मनमानी के खतरे को समझते हुए देश आज जरूरी जवाबदेही और समझदारी के दौर में हैं। जल संरक्षण को लेकर समाज और सरकार का एक सीध में आगे बढ़ना न सिर्फ कारगर रहा है, बल्कि यह भविष्य के खतरों के लिहाज से भी जरूरी पहल है।”

भारत आज पानी और स्वच्छता के सवाल को न सिर्फ योजनागत लक्ष्यों में बल्कि उत्तरोत्तर विकसित होती जन-भागीदारी और जागरूकता के रूप में भी देख-समझ रहा है। दस साल पूर्व न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर पर भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था अगर हम गंगा को साफ करने में सक्षम हो गए तो यह देश की 40 फीसदी आबादी के लिए एक बड़ी मदद साबित होगी। आज हम उस मुकाम पर हैं जब सफलता से ज्यादा पूर्व और पश्चात का अंतर देख सकें। यह अंतर तब और अहम मालूम पड़ेगा जब हम इस दृष्टि से विचार करें कि भारत जैसी भौगोलिक और वैचारिक भिन्नता वाले देश में कोई आम सहमति विकसित करना आसान नहीं है। यह भी कि भारत में पानी राज्य का विषय है। लिहाजा, खासतौर पर नदियों को लेकर किसी यूनिफाइड प्रोजेक्ट पर सहमति के साथ आगे बढ़ना चुनौतीपूर्ण है। पानी को लेकर भारत की स्थिति में बदलाव देखने का एक बड़ा आधार सरकार की समझ और नीति है। देश में सरकारों की योजनागत समझ और प्रतिबद्धता में दिखी कमजोरी ही रही कि आस्था से लेकर अर्थव्यवस्था तक के लिए महत्वपूर्ण नदियों को केंद्र में रखकर दशकों तक कोई बड़ा निर्णायक कदम नहीं उठाया गया। पानी को लेकर काम कर रहे तमाम विभागों को साथ लाकर 2019 में जल शक्ति मंत्रालय के गठन के बाद जल क्षेत्र में हम काफी आगे बढ़े हैं। यह बढ़त गंगा सहित कई नदियों के कायाकल्प से जुड़े प्रयासों से लेकर अमृत सरोवर मिशन तक कई स्तरों पर सफलता के आंकड़ों के रूप में सामने है। नमामि गंगे दस साल की यात्रा पूरी कर रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## हरियाली कम होने के कारण बिगड़ रहा है जलवायु का चक्र

# जलवायु के अनुरूप नगरों की जरूरत




**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार तेज गर्मी या प्रलय आने पर सांवर्तक सूर्य अपनी प्रचंड किरणों से पृथ्वी, प्राणी के शरीर, समुद्र और जल के अन्य स्रोतों से रस यानी नमी खींचकर सोख लेता है। नतीजतन उम्मीद से ज्यादा तापमान बढ़ता है, जो गर्म हवाएं चलने का कारण बनता है। यही हवाएं लू कहलाती हैं। परंतु अब यही हवाएं देश के पचास से ज्यादा शहरों को 'ऊष्मा-द्वीप' (हीट आइलैंड) में बदल रही हैं। राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्यप्रदेश में पारा 43 से 47 डिग्री के बीच बना हुआ है। राजस्थान के बाड़मेर में दिन का तापमान 48 डिग्री और हिमालय की शीतल घाटी कश्मीर में गरम हवाओं के चलते तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ और दिन यही तापमान बने रहने की घोषणा कर दी है। आमतौर से गरम हवाएं तीन से आठ तीन चलती हैं और एक-दो दिन में बारिश हो जाने से तीन-चार दिन राहत रहती थी, लेकिन इस बार गरम हवाएं चलने की निरंतरता बनी हुई है, जिसने कई शहरों को ऊष्मा-द्वीप में बदलकर रहने लायक नहीं छोड़ा है। इसके प्रमुख कारणों में शहरीकरण का बढ़ना और हरियाली का क्षेत्र घटना माना जा रहा है।

ज्यादातर ऊष्मा-द्वीप घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में आमद दर्ज करा रहे हैं। ऐसे इलाकों में बाहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक तापमान का सामना करना पड़ता है। ऊंची इमारतें, सीसी की सड़के, पैदलपथ और अन्य बुनियादी ढांचागत विकास इसके लिए दोषी हैं। यह विकास जल निकायों जैसे प्राकृतिक परिदृष्यों की तुलना में सूर्य की गर्मी को अधिक अवषोशित कर, फिर इस गर्मी का उत्सर्जन करते हैं। ऐसे में हरियाली कम होने के कारण ये उच्च ताप वाले क्षेत्र ऊष्मा-द्वीप में परिवर्तित हो जाते हैं। इन क्षेत्रों में दिन का तापमान लगभग 1-7 डिग्री और रात्रि का तापमान लगभग 2-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। इस तापमान के बढ़ने के कारणों में कारों और अन्य वाहनों का दिन-रात आग उगलते रहना भी माना जा रहा है। एसी और फ्रिज भी निरंतर कार्बनडाइ ऑक्साइड उगल रहे हैं। वैसे सामान्य स्थिति में द्वीप का अर्थ समुद्री या नदी-घाटियों में पानी से घिरे उस ऊंचे स्थल से लिया जाता है, जिसके चारों ओर जल भरा होता है। लेकिन अब ऊष्मा-द्वीप वह शहरी इलाके कहलाने लगे हैं, जो बड़े तापमान से झुलझ रहे हैं।

> “जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति भी बढ़ रही है और जलीय स्रोतों पर दोहन का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में प्रकृति से उत्पन्न कठिन हालातों के साथ जीवन यापन की आदत डालनी होगी तथा पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।”



सीएसई ने देश में अलग-अलग जलवायु वाले नौ शहरों के अध्ययन में पाया कि जयपुर जैसे शहर में ज्यादा तापमान वाले दिनों में शहर का 99.52 प्रतिशत हिस्सा गर्म हवाओं के केंद्र में आकर ऊष्मा-द्वीप बन जाता है। सतत आवास कार्यक्रम (सस्टेनेबल हैबिटैट प्रोग्राम) के निदेशक रजनी सरीन का कहना है कि हीट सेंटर उस क्षेत्र को कहते हैं जहां जमीनी सतह का तापमान (एलएसटी) छह साल या उससे अधिक समय में बार-बार मैदानी इलाकों में 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। महानगरों में हरियाली और जल-संरचनाओं का क्षेत्र कम होने से हीट सेंटर का विस्तार हो रहा है। खासतौर से शहरों में जो तत्व हरियाली और अद्रता बनाए रखते थे, जिनमें तालाब, नदी-झीलें शामिल हैं, का अस्तित्व सिमटता जा रहा है। यह जलभराव गर्मी से बचाव करता था। इनके सिमटने से शहरों में और शहरों के आस-पास बंजर भूमि और ईंट, सीमेंट, कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। जो गर्मी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सीएसई ने नागपुर, अहमदाबाद, चेन्नई, पुणे, जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और भुवनेश्वर में यह सर्वेक्षण किया है, लेकिन जिन शहरों में इस नजरिए से सर्वे नहीं हो पाया है, वे भी ऐसे ही हालातों के शिकार हो सकते है?

मानव निर्मित प्रदूषण से जुड़ी इस आपदा के कारणों में आधुनिक विकास और बढ़ता शहरीकरण है। इन्हीं कारणों से हवाएं आवारा होकर लू का रूप लेने लगी हैं, लेकिन हवाएं भी भला आवारा होती हैं? वे तेज ,गर्म व प्रचंड होती हैं। जब प्रचंड से प्रचंडतम होती हैं तो अपने प्रवाह में समुद्री तूफान और आंधी बन जाती हैं। सुनामी जैसे तूफान इन्हीं आवारा हवाओं के दुष्परिणाम हैं। अमेरिका के नेशनल ओसियानिक एंड एटमॉसफेरिक एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट के अनुसार भारत ही नहीं दक्षिण एशिया के कई देश गरम हवाओं से जूझ रहे हैं। इन देशों में गरम हवाएं चलने की आशंका 45 गुना बढ़ गई है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार शामिल है। वियतनाम में तो हालात इतने बद्तर हो गए हैं कि गर्मी की वजह से कई तालाब पूरी तरह सूख गए हैं और लाखों टन मछलियां मर गई हैं। सरकार ने लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी है। पश्चिम एशिया के देश सीरिया, इजराइल, फिलिस्तीन, जॉर्डन और लैबनान में गरम हवाएं पांच गुना बढ़ सकती हैं। एशिया में घातक गरम हवाएं लगातार चलने का यह तीसरा वर्ष है। इसकी एक वजह अलनीनो भी मानी जा रही है। प्रशांत महासागर से आने वाली गरम हवाओं की वजह से दुनिया में गरम हवाएं चल रही हैं। अभी हाल ही में अमेरिका के आयोबा राज्य में गरम हवाओं के तूफान से ग्रीन फील्ड नगर में कई मौतें हो गई हैं। इस बवंडर ने शहर के एक बहुत बड़े हिस्सों को पूरी तरह तबाह कर दिया है।

आजकल आवारा पूंजी की तरह हवाएं भी आवारा होकर भारत के एक बड़े भू-भाग में मचल रही हैं। तापमान 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जो लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्षेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और पांच दिन तक यही स्थिति यथावत बनी रहे तो इसे 'लू' कहने लगते हैं। मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ो के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विशेष में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिश और बारिश में गहरा अंतर्संबंध है।

हवाएं गर्म या आवारा हो जाने का प्रमुख कारण ऋतु चक्र का उलटफेर और भूतापीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का औसत से ज्यादा बढ़ना है। इसीलिए वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इस बार प्रलय धरती से नहीं आकाशीय गर्मी से होगा। आकाश को हम निरीह और खोखला मानते हैं, किंतु वास्तव में यह खोखला है नहीं। भारतीय दर्शन में इसे पांचवां तत्व यूं ही नहीं माना गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# भ्रष्टाचार के जाल में आंधियां पिस रही हैं!




**सुनील कुमार महला**
व्यंग्यकार


तापमान गज़ब ढा रहा है। चर्चा 'फ्रीज' की होनी चाहिए लेकिन फ्रीज नहीं आजकल 'ब्रिज' काफी चर्चा में हैं। अजी! 'ब्रिज' मतलब 'पुल'। अंग्रेजी में डिटेल से समझाएं तो 'ब्रिज' का मतलब होता है- 'एक नदी, खड्ड, सड़क, रेलमार्ग या अन्य बाधा के पार सड़क, पथ, रेलमार्ग या नहर ले जाने वाली संरचना।' खैर, यह तो रही ब्रिज की डिटेल की बात। और डिटेल्ड बात यह है कि बरसात आने से पहले ही बेचारे 'पुल'(ब्रिज) धड़ाधड़ 'पुल'(टूटना, उखड़ना) हो रहे हैं। बेचारा 'विकास' तो पानी में बह गया, लेकिन यह 'विकास' कहने को बहुत कुछ कह गया।

अजी ! पुल बनाकर कंक्रीट की दीवार खड़ी करना क्या प्रकृति के साथ विश्वासघात नहीं है। ऐसे में तो पुल का टूट जाना ही लगता हमें सही है। पुल को भी प्रकृति का खूब ख्याल है, पुल टूटने पर फिर मच रहा क्यों बवाल है ? खैर, हाल फिलहाल, एक, दो, तीन; 'पुल' गये छीन। क्यों कि सीमेंट, बजरी, ग्रीट, सरिये से ये थे पूर्णतया 'हीन'। घटिया सामग्री की इनमें रही आवक, इसीलिए तो पुल बन गए जल्दी 'जावक'। निर्माण में नियम-कानून रखे ताक पर। गिरे पुलों को आपने भी देखा होगा टीवी पर ज़रा झांक कर। पुल हों या सड़कें, दीवारें हों या फ्लैट। आमजन के हितों को कर रहे मटियामेट। अच्छा चलता है ठेकेदारों की कमीशनखोरी का धंधा। अजी! शेष जगह है मंदा ही मंदा। मोटा मुनाफा और रहती इनमें ठेकेदारों की मनमानी, इसीलिए ढ़हते पुल, सड़कें भरी जवानी। उद्घाटन तक भी ये नहीं पहुंच पाते। उससे पहले ही भरभराकर गिर जाते। निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री की खुल रही पोल।

मीडिया को मिला मौका, बज रहा है 'ब्रिज' का ढ़ोल। आमजन माथे पर हाथ मारे। भ्रष्ट अधिकारी पकड़े जाएंगे क्या अब सारे? हर तरफ है मिलीभगत का खेल। क्या जाएंगे दोषी अब जेल? घटिया सामग्री के इस्तेमाल का कच्चा चिट्ठा खुल गया। पानी आने से पहले ही बेचारा 'ब्रिज' डर गया। ताज्जुब है, अब तो तेज हवाएं भी पुल गिराने लगीं हैं। हमें डर है कि कहीं कल को बिछी सड़क को तेज हवाएं न उड़ा ले जाएं। भ्रष्टाचार के गुल में आजकल बेचारी आंधियां तक पिस रहीं हैं। यह कलियुग है जनाब, इसे लिखते हुए कलम भी हंस रही है। अजी! पुल गिरने को तो कम से कम 'एक्ट आफ गाड मत कहना। यूं जज्बातों में न बहना। सच तो सच रहेगा, इसलिए सच को सच ही कहना। नदी और पानी का न इसमें झोल है। अजी! करोड़ों की लागत से बनते हैं सड़कें और पुल, इनका बड़ा मोल है।

ज्योतिषी कह रहे हैं कि पुल को लगा है तगड़ा कोई वास्तुदोष। हम यूं ही दे रहे निर्माण कार्यों में गड़बड़ी को दोष। पहले पूजा-पाठ करवाओ और बाद में पुल, सड़कें तुम बनाओ। अजी चर्चा में वास्तु को लाना भी तो जरूरी है, क्यों कि बिना वास्तु को बीच में लाए, ज्योतिषियों का काम कैसे चलेगा। अन्यथा ऐसी घोर बेरोजगारी के इस दौर में वह तो हाथ ही मलेगा। काम धंधा बहुत ही जरूरी है, आखिर इस जीवन को भी तो आगे चलाना है। पुल गिरेंगे तभी तो नाव वालों का धंधा चलेगा और उनका परिवार भी फलेगा-फूलेगा। आप जऱा इस विश्व में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को भी समझें। यूं ही पुल (ब्रिज) गिरने के चक्कर में न उलझें। पुल का पिलर ग्लोबल वार्मिंग से ही पिघला है, आप क्यों नहीं हैं मानते? क्या ग्लोबल वार्मिंग के इफेक्ट्स के बारे में आप तनिक भी नहीं हैं जानते।

## नॉलेज कॉर्नर: अंतरिक्ष से खराब उपग्रह हटाने के हैं दो विकल्प

# इसलिए धरती पर नहीं गिरता सैटेलाइट!

धरती पर आपके आस-पास कबाड़-कचरा जरूर फैला रहता है। यह कचरा हो भी क्यों जहां इंसान रहते हैं, वहां कचरा होना आम बात है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अंतरिक्ष में कितनी गंदगी है। वहां पर मौजूद सैटेलाइट खराब होने के बाद कितना कचरा फैलाते हैं। बता दें कि अंतरिक्ष में बहुत सारे सैटेलाइट मौजूद हैं, लेकिन कई बार सवाल पूछा जाता है कि आखिर ये सैटेलाइट कहां जाता है? जानकारी के मुताबिक अब तक करीब साढ़े 6 हजार कामयाब रॉकेट लॉन्च हुए हैं। अधिकांश देशों ने अंतरिक्ष में अपने-अपने सैटेलाइट भेजे हैं। हालांकि हर सैटेलाइट एक समय के बाद खराब ही होती है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं अंतरिक्ष के कचरे और इसे कैसे साफ करने के बारे में...

### स्थिति के अनुसार लेते हैं निर्णय

जानकारी के मुताबिक खराब सैटेलाइट के लिए दो विकल्प हैं। खराब सैटेलाइट को कहां पर हटाना है, ये इस बात से तय होता है कि सैटेलाइट धरती से कितनी दूरी पर हैं। अगर सैटेलाइट काफी हाई ऑर्बिट पर है, तो उसमें तकनीकी गड़बड़ी आने के बाद उसे धरती पर लौटाने में काफी ईंधन खर्च हो सकता है। ऐसे में वैज्ञानिक उसे अंतरिक्ष में ही और आगे भेज देते हैं। इसके अलावा एक विकल्प होता है कि इसे धरती पर वापस लाया जाए। अधिकांश देश अंतरिक्ष में कचरा कम करने के लिए उसे



वापस धरती पर लाते हैं। सैटेलाइट को धरती पर लौटाने के बाद उसे एक जगह जमा करना होता है। इसके लिए जिस जगह का इस्तेमाल होता आया है, उसे पॉइंट निमो कहते हैं। बता दें कि निमो शब्द लैटिन भाषा से है, जिसका अर्थ कोई नहीं है। जब किसी जगह को निमो पॉइंट कहा जाता है तो इसका अर्थ है कि वहां कोई नहीं रहता है।

### समुद्र के बीच उतारते हैं निमो पॉइंट पर

यह सूखी जमीन से सबसे दूर की जगह होती है, यानी समुद्र के बीचों बीच की जगह होती है। इसे समुद्र का केंद्र भी माना जाता है। ये जगह दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच स्थित है। इसके अलावा कंबाइंड फोर्स स्पेस कंपोनेंट कमांड इस पर नजर रखता है कि अंतरिक्ष में इंसान क्या कर रहा है। कंबाइंड फोर्स स्पेस कंपोनेंट कमांड ने इसके लिए एक लिस्ट बनाई हुई है। जिसमें अलग-अलग तरह के जंक्स शामिल हैं।

### संधि के तहत होती है सफाई

*बता दें कि अंतरिक्ष में कचरा कम करने के लिए संधि भी बनी है। नासा ने आर्टेमिस अकॉर्ड्स भी तैयार किया, जिसमें अंतरिक्ष के साफ-सुथरा और पीसफुल बनाए रखने की बात है। जानकारी के मुताबिक 28 देशों ने इस पर साइन किए हैं। हालांकि बड़े देशों में रूस और चीन अब भी इसका हिस्सा नहीं बने हैं।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*



**गोविंद सिंह डोटासरा,** प्रदेशाध्य राज. कांग्रेस
**@GovindDotasra**
NEET पेपर लीक जैसे गंभीर विषय पर आज लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री @RahulGandhi जी ने छात्रों की आवाज उठाई और सरकार से चर्चा की मांग की, लेकिन NEET घोटाले में युवाओं की आवाज दबाने के लिए नेता प्रतिपक्ष का माइक बंद करके उन्हें बोलने से रोका गया, यह अनुचित आचरण संसदीय परंपरा के खिलाफ है।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
**@KumariDiya**
खेलेगा राजस्थान तभी तो जीतेगा राजस्थान! उज्बेकिस्तान में होने वाली एशियाई सीनियर महिला लैक्रोज प्रतियोगिता-2024 हेतु भारतीय टीम में उदयपुर के आदिवासी अंचल की सात प्रतिभावान बालिकाओं का चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

**कर्नाटक:** यौन शोषण मामले में CID के आरोप पत्र से भाजपा नेता की बढ़ी मुश्किलें, लगाए कई आरोप

## येदियुरप्पा ने पीड़िता का हाथ पकड़ा...चुप रहने के लिए दिए थे पैसे

■ पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज है मामला

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एक नाबालिग लड़की से यौन शोषण के मामले में अपराध जांच शाखा (सीआईडी) ने येदियुरप्पा के खिलाफ दायर आरोप पत्र में कहा है कि पूर्व सीएम ने अपने तीन सहयोगियों के साथ मिलकर पीड़िता और उसकी मां को चुप रहने के लिए मोटी रकम दी है। येदियुरप्पा और उनके के तीन सहयोगियों पर भी सुबूत नष्ट करने और रिश्वत देने के आरोप दर्ज किए गए हैं।

सीआईडी के दायर किए आरोप पत्र में बताया गया कि 81 वर्षीय येदियुरप्पा के खिलाफ पोक्सो की धारा 8 व आईपीसी की धारा 354ए, 204, 214 और उनके सहयोगियों अरुण वाइएम और रुद्रेश एम. के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 204, 214 के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।



आरोपपत्र के अनुसार, इस साल 2 फरवरी को दोपहर करीब सवा 11 बजे 17 वर्षीय पीड़िता अपनी मां के साथ डॉलर्स कॉलोनी स्थित येदियुरप्पा के आवास पहुंची थी। वह पूर्व में हुए यौन उत्पीड़न के एक अन्य मामले में न्याय दिलाने की गुहार लगाने आई थी। आरोपपत्र के मुताबिक, येदियुरप्पा ने नाबालिग लड़की की मां से बात करते हुए पीड़िता की दाएं हाथ की कलाई पकड़ी हुई थी। येदियुरप्पा ने नाबालिग लड़की को हॉल के बगल में बैठक कक्ष में बुलाया और दरवाजा बंद कर दिया। फिर उन्होंने पीड़िता से पूछा कि क्या उसे उस व्यक्ति का चेहरा याद है, जिसने पूर्व में उसका यौन शोषण किया था, जिस पर पीड़िता ने दो बार जवाब दिया कि उसे याद है। सीआईडी का आरोप है कि इस दौरान येदियुरप्पा ने पीड़िता के यौन शोषण की कोशिश की।

### येदियुरप्पा ने हाथ में रख दिए कुछ रुपए

आरोप पत्र के अनुसार डरी हुई पीड़िता ने येदियुरप्पा से हाथ छुड़ाया और दरवाजा खोलने को कहा। इसके बाद येदियुरप्पा ने दरवाजा खोला और अपनी जेब से कुछ रुपए निकालकर पीड़िता के हाथ में रख दिए। बाहर आकर येदियुरप्पा ने पीड़िता की मां से कहा कि वह इस मामले में उनकी मदद नहीं कर सकते और उन्होंने अपनी जेब से कुछ और पैसे निकालकर पीड़िता की मां के हाथ में रख दिए।

### आईफोन की गैलरी से वीडियो डिलीट करने का दबाव

पीड़िता की मां ने 20 फरवरी को अपने फेसबुक खाते पर घटना से संबंधित एक वीडियो पोस्ट किया, जिसके बाद येदियुरप्पा के कहने पर अन्य आरोपियों अरुण, रुद्रेश और मारिस्वामी पीड़िता के घर जाकर मां-बेटी दोनों को येदियुरप्प्पपा के आवास पर ले आए। आरोपपत्र के अनुसार, अरुण ने यह सुनिश्चित किया कि पीड़िता की मां अपने फेसबुक खाते और अपने आईफोन की गैलरी से वीडियो को डिलीट करे। येदियुरप्पा के निर्देश पर रुद्रेश ने कथित रूप से पीड़िता को 2 लाख रुपए नकद दिए। बेंगलुरु की एक अदालत ने इस वर्ष 14 मार्च को येदियुरप्पा के खिलाफ दर्ज मुकदमे में 13 जून को उनके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

---

### लोजपा (आरवी) के सांसदों से मिले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) के सांसदों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चिराग पासवान की तारीफ करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि उन्होंने खुद को योग्य साबित किया है और अपने पिता के सपनों को पूरा कर रहे हैं। पीएम मोदी ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी। ज्ञात रहे कि चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे हैं। संसद का सत्र शुरू होने के बाद पीएम मोदी लगातार गठबंधन के सहयोगी दलों के सांसदों से मुलाकात कर रहे हैं। इससे पहले गुरुवार को जेडीयू के सांसदों से मोदी की मुलाकात हुई थी।

### शपथ को लेकर रार TMC के दो MLA का धरना जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नवनिर्वाचित विधायकों का राज्य विधानसभा परिसर में बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के सामने शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दरअसल, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उन्हें शपथ दिलाने के लिए राजभवन में आमंत्रित किया था, लेकिन राजभवन में जाकर शपथ लेने के बजाय दोनों विधायक विधानसभा में शपथ लेने को लेकर अड़ गए। अब बंगाल विधानसभा के स्पीकर बिमान बनर्जी ने उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मदद की गुहार लगाई। नवनिर्वाचित विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और रयात हुसैन सरकार राज्यपाल से विधानसभा में आकर उन्हें शपथ दिलाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बिना शपथ लिए विधायक के तौर पर काम नहीं कर सकते हैं।

---

**जमीन घोटाले से जुड़ा** मनी लॉन्ड्रिंग मामला

# हेमंत सोरेन की जमानत, पांच माह बाद आए जेल से बाहर

■ बदलेगी राज्य की सियासत, विधानसभा चुनाव में होंगे सीएम फेस

एजेंसी | रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सोरेन को जमानत दे दी है। इसके बाद हाईकोर्ट का आदेश फैक्स के जरिए रांची सिविल कोर्ट पहुंचा। बाद में उन्हें रिहाई कर दिया गया। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद हेमंत सोरेन के छोटे भाई और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन बेल बांड भरने के लिए दस्तावेजों के साथ सिविल कोर्ट पहुंचे। कोर्ट के आदेश के अनुसार 50-50 हजार रुपए के दो मुचलके भरे गए। करीब पांच माह बाद वह जेल से बाहर आ गए।

हाईकोर्ट में जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर तीन दिनों तक बहस और सुनवाई पूरी करने के बाद 13 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामले में 31 जनवरी को करीब आठ घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्होंने ईडी की हिरासत में रात साढ़े आठ बजे राजभवन पहुंचकर सीएम पद से इस्तीफा दिया था। हेमंत सोरेन को 1 फरवरी को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेजा गया था। करीब 150 दिनों के बाद वह जेल से बाहर आए हैं।



### मेरे खिलाफ साजिश रची गई: सोरेन

बिरसा मुंडा जेल से रिहा होने के बाद हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुझे गलत तरीके से फंसाया गया। मेरे खिलाफ साजिश रची गई और मुझे पांच महीने जेल में बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। मैं न्यायपालिका का सम्मान करता हूं। न्यायालय ने अपना आदेश सुनाया और मैं जमानत पर बाहर हूं। लेकिन न्यायिक प्रक्रिया लंबी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को दबाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा, मैंने जो काम शुरू किया है, जो युद्ध मैंने छेड़ा है, उसे पूरा करूंगा।

### चंपाई सोरेन अभी बने रहेंगे मुख्यमंत्री : सुप्रियो भट्टाचार्य

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन फिलहाल पद पर बने रहेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन पार्टी का चेहरा होंगे। उन्होंने दावा किया कि अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा एक अंक में आ जाएगी। भट्टाचार्य ने कहा कि सभी को कोर्ट से न्याय मिलने की उम्मीदें थी। कानूनी प्रक्रिया पर पूरी पार्टी को आस्था है। हाई कोर्ट का फैसला आ गया है। इस फैसले से भाजपा की साजिश का पर्दाफाश हुआ है।

### राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान बचाने की लड़ाई रहेगी जारी

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से एक साजिश के तहत आदिवासी नायक को सीएम पद से हटाया गया, उसे दुनिया ने देखा। अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है, संविधान बचाने की लड़ाई जारी रहेगी।

### राहत मिली है, दोषमुक्त नहीं-भाजपा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि हेमंत सोरेन को अदालत से छोटी सी राहत मिली है, अभी वे दोष मुक्त नहीं हुए हैं।

### राज्य की सियासी तस्वीर बदलने की उम्मीद

करीब पांच महीने बाद हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने पर झारखंड की सियासी तस्वीर में कई बदलाव आने की उम्मीद है कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेताओं का कहना है कि फिलहाल मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आगामी विधानसभा चुनाव तक अपने पद पर बने रहेंगे। वहीं, विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दल आगामी अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है। जबकि कल्पना सोरेन पार्टी की स्टार प्रचारक होंगी।

---

**कर्नाटक में CM की कुर्सी के लिए घमासान**

## अब वीरशैव लिंगायत संत ने समुदाय के लिए मांगा सीएम पद



फाइल फोटो

एजेंसी | चिक्कोडी(कर्नाटक)

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर सत्ता संघर्ष जारी है। वोक्कालिगा महंत द्वारा सार्वजनिक रूप से राज्य के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से पद छोड़ने और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए मार्ग प्रशस्त करने की अपील करने के एक दिन बाद वीरशैव लिंगायत समुदाय के प्रमुख महंत ने शुक्रवार को अपील की कि मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में उनके समुदाय के मंत्रियों के नामों पर विचार किया जाए। श्रीशैल जगदगुरु चन्ना सिद्धर्म पंडिताराध्याय स्वामी ने उपमुख्यमंत्री के और पद बढ़ाने की स्थिति में वीरशैव-लिंगायत समुदाय के मंत्रियों को उक्त पद देने पर विचार करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बनाने में उनके समुदाय के मत अहम रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वीरशैव-लिंगायत मंत्रियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ईश्वर खंड्रे, एम बी पाटिल, एस एस मल्लिकार्जुन जैसे मंत्रियों के नाम पर विचार किया जाना चाहिए और उनके अनुभव का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा आग्रह है कि उन्हें अवसर दिया जाना चाहिए। इससे पहले विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामी ने गुरुवार को सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की मौजूदगी में शिवकुमार के पक्ष में आवाज उठाई थी।

### कांग्रेस के पास क्या हैं विकल्प?

कांग्रेस के पास विकल्प कम हैं। पार्टी लोक-लुभावन वादों पर चुनाव जीतकर आई है। उसके खिलाफ भाजपा जैसी मजबूत विपक्ष है। ऐसे में उसके पास सीएम और डिप्टी सीएम के मुद्दों को हल करने के विकल्प कम हैं।

---

**तमिलनाडु विधानसभा में फिर प्रस्ताव पारित**

## NEET को किया जाए समाप्त, PMK समर्थन में

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा ने एक बार फिर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राज्य को राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) से छूट देने का आग्रह किया। इसके साथ ही प्लस टू परीक्षा के अंकों के आधार पर छात्रों को मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने की अनुमति देने की मांग की। भाजपा की सहयोगी पीएमके ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पेश किया।




स्टालिन ने सदन में कहा कि यह परीक्षा भेदभावपूर्ण थी। इसमें ग्रामीण और गरीब छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। सीएम स्टालिन ने कहा कि गरीब और ग्रामीण छात्रों के लिए चिकित्सा शिक्षा को पहुंच के बाहर करने के अलावा नीट ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को भी प्रभावित करेगा। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा केंद्र को लिखी गई चिट्ठियों का हवाला दिया। इस चिट्ठी में नीट के संचालन में अनियमितताओं के बाद नीट को खत्म करने क मांग की गई थी।

### अन्नाद्रमुक का राज्य सरकार पर आरोप

अन्नाद्रमुक नेता और पूर्व सीएम एडप्पादी पलानीस्वामी ने द्रमुक पर नीट को खत्म करने के लिए कम प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया, तीसरी बार विधानसभा में प्रस्ताव लाने का क्या मतलब है? यह द्रमुक सरकार का राजनीतिक ड्रामा है।

### भाजपा का समर्थन

विधानसभा में भाजपा नेता नैनार नागेंद्रन ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, नीट की जरूरत है। नीट के खिलाफ विधानसभा का प्रस्ताव अस्वीकार्य है। हम वाकआउट कर रहे हैं।

---

**केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सीएम योगी को लिखा पत्र**

## OBC की नियुक्ति में न हो भेदभाव

एजेंसी | लखनऊ

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कहा कि सरकारी नौकरियों में ओबीसी अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की साक्षात्कार वाली नियुक्तियों में ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को यह कहकर छांट दिया जाता है कि वह योग्य नहीं हैं और बाद में इन पदों को अनारक्षित घोषित कर दिया जाता है।उन्होंने पत्र में लिखा कि आप भी सहमत होंगे कि अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति से आने वाले अभ्यर्थी भी इन परीक्षाओं में न्यूनतम पात्रता की परीक्षा अपनी योग्यता के आधार पर ही पास करते हैं और अपनी योग्यता के आधार पर ही इन साक्षात्कार आधारित परीक्षाओं के लिए पात्र पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया भले ही कई बार में पूरी हो लेकिन हर हाल में सीटें उन्हीं वर्गों से भरी जाएं जिनके लिए आरक्षित की गई हों न कि योग्य नहीं होने की बात कहकर सीटों को अनारक्षित कर दिया जाए। बता दें कि यह पहली बार है जब अनुप्रिया पटेल ने राज्य की भाजपा सरकार पर इस तरह के सवाल उठाए हैं।



---

**महाराष्ट्र: बजट में कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा, महिलाओं के लिए खोला खजाना**

# महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह, पात्र परिवारों को तीन मुफ्त सिलेंडर

■ 46,000 करोड़ रुपए का वार्षिक बजटीय आवंटन किया जाएगा ■ कपास व सोयाबीन फसलों के लिए किसानों को 5000 रुपए बोनस

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र की राजग सरकार ने चुनावी साल में पेश राज्य के वर्ष 2024-25 के बजट में बड़े ऐलान किए हैं। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का प्रभार संभाल रहे अजित पवार ने बजट में मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना तर्ज पर राज्य में 21 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की पात्र महिलाओं महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपए देने की घोषणा की है।

पवार ने विधानसभा में अपने बजट भाषण में कहा कि मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना जुलाई से लागू की जाएगी। यानी कि अगले महीने से राज्य की महिलाओं को 1500 रुपए मिलने शुरू हो जाएंगे। इस योजना के लिए 46,000 करोड़ रुपए का वार्षिक बजटीय आवंटन किया जाएगा। ज्ञात रहे कि एकनाथ शिंदे सरकार ने राज्य विधानसभा चुनाव के ठीक पहले यह फैसला लिया है। ऐसे में इसे चुनावी दांव के तौर पर भी देखा जा रहा है। राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।



एक अन्य कल्याणकारी योजना की घोषणा करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि पांच लोगों के एक पात्र परिवार को 'मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना' के तहत हर साल तीन रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में कपास और सोयाबीन की फसल के लिए सभी किसानों को 5000 रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस देंगे। हम दूध उत्पादक किसानों को भी 5 रुपए प्रति लीटर बोनस देंगे। 1 जुलाई 2024 के बाद सरकार ने जानवरों के हमले से होने वाली मौतों पर आर्थिक मदद बढ़ा दी है, अब परिजनों को पहले 20 लाख की जगह 25 लाख रुपए मिलेंगे।

### मुंबई क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल पर कर में कटौती

पवार ने बजट में घोषणा की है कि मुंबई क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल पर कर घटाया जाएगा। मुंबई क्षेत्र के लिए डीजल पर कर 24 प्रतिशत से घटाकर 21 प्रतिशत किया जा रहा है, प्रभावी रूप से डीजल की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी आई है। मुंबई क्षेत्र में, पेट्रोल पर कर 26% से घटाकर 25% किया जा रहा है जिससे पेट्रोल की कीमतों में 65 पैसे प्रति लीटर की कमी आएगी।

### विधान परिषद चुनाव लड़ेगी शिवसेना (UTB)

शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी आगामी महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में अपना उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास पर्याप्त संख्या बल है और राकांपा (शरद पवार गुट), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस एक-एक सीट जीत सकती हैं।। ज्ञात रहे कि महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीट के लिए 12 जुलाई को द्विवार्षिक चुनाव होंगे। शिवसेना और राकांपा में क्रमश: 2022 और 2023 में हुए विभाजन के बाद पहली बार महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन को अपने विधायकों को एकजुट रखने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। महाराष्ट्र विधान परिषद के 11 सदस्यों का छह वर्षीय कार्यकाल 27 जुलाई को समाप्त हो रहा है जिसकी वजह से इन सीट पर चुनाव कराना आवश्यक हो गया है।

## जरूरी खबर

### अमरनाथ यात्रा: आधार शिविरों में पहुंचे तीर्थ यात्री

**जम्मू।** बम-बम भोले के जयघोष के साथ शनिवार को भक्तों को बाबा बर्फानी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। शनिवार सुबह पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों से तीर्थ यात्री प्रस्थान करेंगे। शुक्रवार सुबह जम्मू से बम-बम भोले और जय बाबा बर्फानी के जयघोष लगाते हुए त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4603 श्रद्धालु कश्मीर के लिए रवाना हुए, जो देर शाम काजीगुंड की नवयुग टनल से होते हुए बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों में पहुंचे। इससे पहले उधमपुर के टिकरी के काली माता मंदिर में जत्थे का पहला स्वागत किया गया। इधर, पहला जत्था रवाना होने क बाद उपराज्यपाल सिन्हा ने सिविल सोसायटी के सदस्यों के साथ बैठक की।। इस बैठक में अमरनाथ यात्रा और मुहर्रम की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। यात्रा के रास्ते में 125 लंगर लगाए गए हैं।

### विस्तारा के विमान में बम की धमकी की गई जांच



**मुंबई।** विस्तारा एयरलाइंस की केरल से मुंबई जाने वाली फ्लाइट में बम होने की धमकी का मामला सामने आया है। तिरुवनंतपुरम से मुंबई जाने वाली उड़ान में शुक्रवार को बम होने की धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने तलाशी ली। सहार पुलिस अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को विमान में बम होने का नोट मिला। अधिकारी ने कहा कि विमान के दोपहर करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड करते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। विमान के लैंड करने के बाद यात्रियों को खतरे के बारे में बताया गया।

### एफएटीएफ ने की भारत की प्रशंसा, रिपोर्ट स्वीकार

**नई दिल्ली।** फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। साथ ही, आतंकवाद की फंडिंग के खिलाफ देश की ओर से उठाए गए कदमों की प्रशंसा की है। शुक्रवार को सिंगापुर में हुई बैठक के दौरान यह घोषणा की गई। संगठन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इन दोनों क्षेत्रों में भारत ने अच्छे नतीजे हासिल किए हैं। हालांकि, एफएटीएफ ने कहा कि धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के मुकदमों की सुनवाई पूरी होने में देरी हो रही है। भारत को इसका समाधान निकालने की जरूरत है।

## पीएम मोदी की पहली बार बने राज्यमंत्रियों से चर्चा



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिपरिषद में पहली बार बने राज्यमंत्रियों के साथ शुक्रवार को मुलाकात की। जिसके बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि मंत्रिपरिषद में पहली बार राज्य मंत्री बने साथियों से मुलाकात हुई। उनके साथ जमीनी स्तर पर शासन को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की।*

## एससीओ शिखर बैठक में शामिल नहीं होंगे मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में अगले सप्ताह होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एससीओ शिखर सम्मेलन तीन और चार जुलाई को होगा और इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा हालात और संपर्क एवं व्यापार को बढ़ावा देने के तरीकों पर मुख्य रूप से चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। ज्ञात रहे कि एससीओ में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सदस्य हैं।

**संसद:** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में नहीं हो सकी चर्चा

# दोनों सदनों में हंगामा, नीट मुद्दे पर पहले चर्चा पर अड़ा विपक्ष

एजेंसी । नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पेश धन्यवाद प्रस्ताव पर शुक्रवार को चर्चा के दौरान नीट में कथित धांधली के मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। दोनों सदनों में विपक्ष ने धन्यवाद प्रस्ताव से पहले नीट पर चर्चा की मांग की। सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद पहले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है। हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार स्थगन के बाद सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। उधर, राज्यसभा में भी भारी हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे, वेल में आकर नारेबाजी के बाद भी विपक्ष सदन से वॉकआउट कर गया। विपक्ष की गैर मौजूदगी में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा चलती रही। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने नीट का मुद्दा उठाते हुए सदन में चर्चा की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान वह विस्तार से इस विषय को उठा सकते हैं।



### राज्यसभा में शुरू हुई चर्चा

नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा की मांग पर राज्यसभा में भी जमकर हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के उन सभी 22 नोटिसों को अस्वीकार कर दिया, जिसमें नियम 267 के तहत नीट पर चर्चा की मांग की गई थी। सभापति ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो रही है तथा इसके लिए 21 घंटे का समय रखा गया है। इसलिए नीट के मुद्दे पर सदस्य इस दौरान विस्तार से अपनी बात रख सकते हैं। हालांकि विपक्ष तत्काल चर्चा की मांग पर अड़ा रहा और सदस्यों ने सभापति के आसन के समीप वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके चलते तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोबारा सदन शुरू होने पर भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इस दौरान उप सभापति ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करा दी और सत्ता पक्ष से सुधांशु त्रिवेदी ने बोलना शुरू किया लेकिन, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते रहे। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने विपक्ष से अनुरोध किया कि वे शांत हो जाएं क्योंकि नीट मामले में सरकार कार्रवाई कर रही है और जांच पूरी होने के बाद ही शिक्षा मंत्रालय आवश्यक कदम उठाएगा। लेकिन विपक्ष ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया और हंगामा जारी रहा।

### नीट पर विशेष चर्चा चाहते हैं: राहुल



सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम हिन्दुस्तान के छात्रों को सरकार और विपक्ष की तरफ से संयुक्त संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम छात्रों के मुद्दे को जरूरी मानते हैं इसलिए, छात्रों के प्रति सम्मान जताने के लिए नीट पर विशेष चर्चा चाहते हैं। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ने इसकी इजाजत नहीं दी। इसके बाद विपक्षी सांसद आसन के करीब आ गए और हंगामा बढ़ने पर सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष ने एक बार फिर नीट का मुद्दा उठाने की कोशिश की गई।

### धन्यवाद प्रस्ताव से पहले नहीं होती चर्चा

लोकसभा अध्यक्ष के इजाजत नहीं देने पर विपक्षी सदस्य एक बार फिर आसन के करीब आकर नारेबाजी करने लगे। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इतिहास में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव से पहले किसी और विषय पर चर्चा नहीं होती है।

### राहुल का माइक बंद करने का आरोप

वहीं, कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नीट का मुद्दा उठाने पर राहुल गांधी का माइक बंद कर दिया गया। बिरला ने राहुल गांधी को समझाया कि पीठासीन अध्यक्ष के पास कोई बटन नहीं होता जिससे माइक बंद किया जाता है। मामला शांत न होता देख लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी।

### वेल में आए खरगे, सभापति ने जताई नाराजगी

हंगामे के बीच सदन में प्रतिपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे हाथ उठाकर बोलने की इजाजत मांगते दिखे लेकिन, बाद में वह भी विरोध में शामिल हुए और वेल में आ गए। इसके बाद बाकी सदस्य भी फिर से वेल में आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। राज्यसभा सभापति ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और तल्ख टिप्पणी की। सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा बार-बार नाराजगी जताने के बावजूद विपक्ष का हंगामा जारी रहा। बाद में अपनी मांग नहीं माने जाने पर विपक्ष सदन से वॉकआउट कर गया। विपक्षी सांसदों की अनुपस्थिति की वजह से उनके संशोधन भी विचार के लिए नहीं लाए जा सके। जब सदन से विपक्ष चला गया तो सत्तापक्ष के सांसद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करते रहे। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत भाजपा के सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने की। कांग्रेस पार्टी की रासांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आने के बाद संसद से एम्बुलेंस में आरएमएल अस्पताल ले जाया गया।

### राज्यसभा में माइक बंद करने की शिकायत

दूसरी ओर राज्यसभा में भी नीट मामले को लेकर चर्चा की मांग करने पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का माइक बंद कर देने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस ने इसे तानाशाही करार दिया। कांग्रेस ने एक पोस्ट में कहा कि जहां एक ओर नरेंद्र मोदी नीट पर कुछ नहीं बोल रहे, उस वक्त विपक्ष के नेता राहुल गांधी, युवाओं की आवाज सदन में उठा रहे हैं, लेकिन ऐसे गंभीर मुद्दे पर माइक बंद करने जैसी ओछी हरकत करके युवाओं की आवाज को दबाने की साजिश रची जा रही है।

**NEET पेपर लीक मामला**

## झारखंड से स्कूल प्रिंसिपल समेत तीन लोग गिरफ्तार

एजेंसी । नई दिल्ली/ रांची

सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में शुक्रवार को झारखंड के हजारीबाग में एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया, गिरफ्तार किए गए ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसान उल हक को 5 मई को आयोजित नीट-यूजी के लिए हजारीबाग शहर का संयोजक बनाया गया था। उप प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए के पर्यवेक्षक और ओएसिस स्कूल में बनाए गए नीट सेंटर के संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन दोनों के अलावा सीबीआई ने एक पत्रकार को भी गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने शुक्रवार को दिनभर पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार किया और शाम में पटना लेकर आई है। एहसान उल हक को टीम स्कूल के उनके कार्यालय में भी लेकर गई जहां करीब 2 घंटे तक जांच की गई। एहसान उल हक और इम्तियाज आलम इस मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध ईकाई (ईओयू) की जांच के दायरे में भी थे।



### पटना में मिले अधजले पेपर का नंबर एक स्कूल का

इसके पहले पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस की ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) टीम ने पटना के रामकृष्ण नगर क्षेत्र से एक अधजला प्रश्न पत्र बरामद किया था। इस प्रश्न पत्र के सीरियल नंबर की जांच से पता चला कि यह हजारीबाग के मंडई रोड में ओएसिस स्कूल स्थित एग्जाम सेंटर का है।

## जासूसी केस में गुजरात व महाराष्ट्र में छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी के लिए पाकिस्तान से पैसे लेने के आरोपी कुछ संदिग्ध लोगों के गुजरात और महाराष्ट्र स्थित ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। एनआईए ने पिछले साल जून में मामला दर्ज किया था। इसी मामले के सिलसिले में छापेमारी की गई है। छापों के दौरान मोबाइल फोन और दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गईं। एजेंसी की ओर से जुलाई 2023 में एक फरार पाकिस्तानी नागरिक सहित दो आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। इसके बाद एक पाकिस्तानी नागरिक सहित तीन अन्य के खिलाफ दो और आरोप पत्र दायर किए गए। जांच में पता चला है कि पाकिस्तानी नागरिकों ने जासूसी में गिरफ्तार किए गए आरोपितों के साथ सहयोग किया था।

**डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट**

# 20 में से एक मौत शराब से, भारत में हालात बदतर

एजेंसी । नई दिल्ली

शराब हर साल 26 लाख से ज्यादा लोगों की मौत का कारण बन रही है। दुनिया भर में करीब 40 करोड़ लोग शराब और नशीली दवाओं के कारण होने वाली बीमारियों से पीड़ित हैं। यह दुनिया की कुल मौतों का 4.7 फीसदी है। यानी हर 20 में से एक मौत के लिए शराब जिम्मेदार है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 'ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन ऐल्कॉहॉल एंड हेल्थ एंड ट्रीटमेंट ऑफ सब्सटेंस यूज डिसऑर्डर' में सामने आई है।



रिपोर्ट के अनुसार यदि ड्रग्स से होने वाली मौतों को भी इसमें जोड़ दें तो यह संख्या 30 लाख से ज्यादा है। भारत में हालात और बुरे हैं। यहां एक लाख मौतों में शराब से 38.5 फीसदी मौतें हो रही हैं। यह संख्या चीन से दोगुनी से भी अधिक है। चीन में प्रति एक लाख मौतों में शराब से मरने वालों की संख्या 16.1 फीसदी है।

शराब के अत्यधिक सेवन से कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं। इनमें लीवर से जुड़ी बीमारियों से लेकर कैंसर तक शामिल है। रिपोर्ट में इस बात की भी पुष्टि हुई है कि 2019 में शराब की वजह से होने वाली 26 लाख मौतों में से 16 लाख मौतें गैर-संचारी रोगों जैसे कैंसर से 4,01000 और दिल की बीमारियों से 4,74,000 मौतें हुईं। इनके अलावा 7,24,000 मौतों के लिए दुर्घटनाएं तथा तीन लाख मौतों की वजह संक्रामक बीमारियां रहीं।

### 20 से 39 साल के युवा ज्यादा प्रभावित

शराब और नशीली दवाओं का सबसे ज्यादा शिकार 20 से 39 साल के युवा बन रहे हैं। शराब के 13 फीसदी शिकार इसी आयु वर्ग के लोग थे। स्वास्थ्य संगठन ने इस बात की भी पुष्टि की है कि 2019 में यूरोप और अफ्रीकी क्षेत्रों में सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। यूरोप में प्रति लाख लोगों पर शराब की वजह से होने वाली मौतों की संख्या 52.9 थी तथा अफ्रीका में 52.2 रही। यदि यूरोप को छोड़ दिया जाए तो कमजोर देशों में शराब के सेवन से जुड़ी मृत्यु दर सबसे अधिक है। जबकि उच्च आय वाले देशों में यह दर सबसे कम रही।

### भारत में 31.2 फीसदी को शराब की लत

भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वह लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वह हैं जो कभी-कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के करीब 41 फीसदी पुरुष शराब पीते हैं, जबकि महिलाओं में संख्या 20.8 फीसदी है।

**सिर्फ 25% ही दे पाए सही जवाब**

## गणित में फिसड्डी साबित हुए भारतीय शिक्षक

**नई दिल्ली।** भारत और पश्चिम एशिया के शिक्षक गणित में फिसड्डी साबित हुए हैं। एक अध्ययन के अनुसार अधिकतर शिक्षक गणित के सामान्य प्रश्नों के भी उत्तर नहीं दे सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि 80 प्रतिशत शिक्षक अनुपात लॉजिकल रिजनिंग से संबंधित प्रश्नों के उत्तर नहीं दे सके। अध्ययन में दो वर्षों में भारत, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और सऊदी अरब के 152 स्कूलों के तीसरी, चौथी, पांचवीं और छठी कक्षा के विद्यार्थियों के 1300 से अधिक सेवारत गणित शिक्षकों का मूल्यांकन किया गया। यह अध्ययन एडटेक कंपनी ईआई द्वारा किया गया। अध्ययन के दौरान, 1357 शिक्षकों ने मूल्यांकन में भाग लिया। मूल्यांकन में भाग लेने वालों में 80 प्रतिशत शिक्षक भारत से, 18 प्रतिशत संयुक्त अरब अमीरात से तथा एक-एक प्रतिशत ओमान और सऊदी अरब से थे।

### हमारी शिक्षा प्रणाली के लिए चेतावनी

80 प्रतिशत शिक्षक अनुपात, लाजिकल रिजनिंग से संबंधित प्रश्नों के उत्तर नहीं दे सके। सीएलओ श्रीधर राजगोपालन ने कहा, यह अध्ययन हमारी शिक्षा प्रणाली के लिए चेतावनी है, जिसने लंबे समय से रटने की शिक्षा को प्राथमिकता दी है।

## कार्यक्रम का उद्देश्य थर्ड जेंडर वालों में छिपी प्रतिभा को मंच पर लाना रहा

# राजधानी में क्वेर इंडिया गॉट टैलेंट एंड ब्यूटी कॉन्टेस्ट में दिखा देश का टैलेंट

**बेधड़क.जयपुर।** जब बात रैंप पर टैलेंट दिखाने की आई तो किसी प्रकार का जेंडर डिफरेंस नहीं रहा और देश भर का टैलेंट जयपुर के रैंप पर दिखाई दिया। हर कोई अपना बेस्ट देते हुए स्वयं को साबित करना चाहता था और ऐसे में बेहतर टैलेंट निखरकर सामने आया। मौका था श्रीहरी वैश्विक वैष्णव संस्थान और खनक चित्रा एंटरटेनमेंट की ओर से प्रताप नगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में क्वेर इंडिया गॉट टैलेंट एंड ब्यूटी कॉन्टेस्ट का, जिसमें सिंगिंग, डांसिंग व मॉडलिंग कला के विभिन्न रंग देखने को मिले। प्रतिभागियों को आशीर्वाद देने के लिए किन्नर महामंडलेश्वर बबली माई उपस्थित रहीं। श्री हरी वैश्विक वैष्णव संस्थान अध्यक्ष ऋषि अजय दास ने बताया, कि देश में पहली बार हुए कॉन्टेस्ट का आयोजन तृतीय लिंग के लोगों में छिपी कला व संस्कृति को मंच पर लाकर उन्हें अवसर प्रदान देना था। कार्यक्रम में देश के सभी प्रदेशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।





### विजेताओं को क्राउन के साथ नकद पुरस्कार व गिफ्ट

तीन राउंड में हुए कांटेस्ट के विजेताओं का निर्णय शैली राय रायपुर, एनी दत्ता कोलकाता और चाओ असम आदि ज्यूरी मैंबर ने किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को क्राउन के साथ नकद पुरस्कार और गिफ्ट दिए गए। इस अवसर पर क्वेर समाज के वीआईपी सहित ट्रांस गेस्ट दिव्यानी मुखर्जी, एलिना, महामंडलेश्वर उज्जैन बबली माई, ऋषि अजय दास, अर्चना दास, मीरा, हितेश, रिषु, रिन्नी, नंदकिशोर भिंडा और प्रमोद गोयल सहित अन्य उपस्थित रहे। इससे पहले गुरुवार को क्वेर इंडिया गॉट टैलेंट एंड ब्यूटी कॉन्टेस्ट शो का ग्रूमिंग सेशन फोटो शूट से आगाज हुआ। ऋषि अजय दास ने बताया, कि सनातन धर्म के प्राचीन ग्रंथों में किन्नरों को देवताओं के रूप में वर्णित किया गया है, जो अद्भुत ढंग से गाते और नृत्य करते थे। देवताओं के मन को लुभाने के साथ-साथ उनमें उपचार करने के गुण थे, लेकिन दुर्भाग्य से वर्तमान में ट्रांसजेंडर समुदाय को देश-दुनिया में बहिष्कृत माना जाता है।

### 25 प्रतियोगियों ने लिया हिस्सा

खनक चित्रा एंटरटेनमेंट निदेशक सामाजिक कार्यकर्ता अर्चना दास ने बताया, कि कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने संगीत के साथ साज-सज्जा और फोटो शूट, फैशन शो, गायन और नृत्य, टैलेंट शो, ब्यूटी पेजेंट, मॉडलिंग और रैंप वॉक आदि की प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता 25 प्रतियोगियों ने भाग लिया। इनमें 10 ने डांस प्रस्तुतियां और शेष ब्यूटी पेजेंट में शामिल थे।







## पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान सिन्धी अकादमी की ओर से झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित अकादमी संकुल में मासिक अदबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। अकादमी सचिव योगेन्द्र गुरनानी ने बताया, कि गोष्ठी की अध्यक्षता जोधपुर के साहित्यकार डॉ. प्रदीप गेहानी ने की। अजमेर की साहित्यकारा गीता गोकलानी ने कवि दिलगीर जे कविताऊनि में गूनागूनियत विषयक आलेख को प्रस्तुत किया। ज्योति पहलवानी ने पर्यावरण विषयक कहानी 'नई पहल' व महेश किशनानी ने सम्राट दाहर पर कविता प्रस्तुत की। वरिष्ठ रंगकर्मी व साहित्यकार रमेश रंगानी ने 'नाटककार वासेदव निर्मल' के जीवन चरित्र व उनके द्वारा रचित कविताओं-नाटकों पर प्रकाश डालते हुए पत्र वाचन किया। रोमा चांदवानी ने 'नई सरकार मां असांजू उम्मेदूं' विषयक आलेख प्रस्तुत किया तथा नई सरकार से जनता की अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। डॉ. दीक्षिता अजवानी ने सिन्धु जो फखुर जोगो इतिहास में सिन्ध के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। रंगकर्मी गोपाल ने 'जेठ महिने जा सिन्धी डिण' विषयक आलेख में जेठ महीने में बनने वाले विशेष सिन्धी व्यंजनों के बारे में बताया। नमिषा खेमनानी ने 'मशहूर सिन्धी गायक सतराम रोहिड़ा' विषयक आलेख में उनकी गायकी के बारे में बताया।

## एक्सपर्ट करेंगे टूरिज्म को प्रमोट



**बेधड़क. जयपुर।** दुबई के साथ गोवा, जोधपुर, आगरा, दिल्ली, उदयपुर और देश भर के वेडिंग टूरिज्म एक्सपर्ट्स गुलाबी नगरी के मंच पर होंगे। वे प्रदेश में वेडिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए चर्चा करेंगे। मौके होगा विश्व स्तर पर राजस्थान टूरिज्म इंडस्ट्री को पहचान और बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने वाले विशेषज्ञों को सम्मानित करने का। इसके लिए शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग टूरिज्म समिट और अवॉर्ड्स सीजन-6 का आयोजन होटल नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में शनिवार को किया जाएगा।

## एक मंच पर बाघ-पर्यावरण विशेषज्ञ



**बेधड़क. जयपुर।** दुनियाभर में बाघों की आबादी के 70 फीसदी बाघ भारत में हैं। भारत के 20 राज्यों में बाघों का राज है। ऐसे में विश्व में बाघ संरक्षण की अलख जगाए रखने की भारतीयों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। लिव4फ्रीडम की ओर से तीसरे रॉयल रणथंभौर इंटरनेशनल टाइगर वीक (आईटीडब्ल्यू) की शुरुआत हुई। बाघों को समर्पित आयोजन में वन्य जीव व बाघ संरक्षण विशेषज्ञ, वन-पर्यावरण-जलवायु और पर्यावरण मंत्रालय राजस्थान व अभयारण्य के अधिकारी, बाघ आबादी वाले देशों के राजदूत, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स व लेखक हिस्सा ले रहे हैं।

# City इवेंट्स

## म्यूजियम ऑफ जेम एंड जूलरी फेडरेशन जयपुर के चुनाव सम्पन्न



**बेधड़क. जयपुर।** म्यूजियम ऑफ जेम एंड जूलरी फेडरेशन जयपुर के चुनाव आयोजित किए गए, जिसमें सभी डॉयरेक्टर र्निविरोध चुने गए। सुरेश कुमार ढड्ढा चेयरमैन, मोहिन जवेरी वाइस चेयरमैन, जीतेश कुमार गर्ग सेक्रेटरी, अंकुर शाह ज्वाइंट सेक्रेटरी, हुकमीचंद कोठारी कोषाध्यक्ष चुने गए। अन्य डायरेक्टर विजय चोरडिया, रामदास माहेश्वरी, रामबाबू गुप्ता, अशोक संचेती, कैलाश रावत, नारायण लाल अग्रवाल, ऋषभ मोदी, आलोक भंडारी और अशोक पितलिया रहे। निवर्तमान चेयरमैन विजय चोरडिया ने नवनिर्वाचित कमेटी और सभी डायरेक्टर्स को शुभकामनाएं दीं।

## सीए दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम

**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय सीए संस्थान के 76वें स्थापना दिवस (1 जुलाई) के उपलक्ष्य में जयपुर शाखा की ओर से 7 दिवसीय (21 जून से 1 जुलाई) विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य न केवल सीए समुदाय को एकजुट करना है, बल्कि समाज में उनके योगदान को रेखांकित करना है। कार्यक्रमो में विभिन्न सेमिनार, वर्कशॉप और सामाजिक सेवा गतिविधियों सैनिटरी पैड वितरण, भोजन-फल वितरण, वृक्षारोपण, गौ सेवा व कपड़ों का वितरण किया गया। सेंट्रल कॉउन्सिल मैंबर सीए प्रकाश शर्मा और जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा के साथ सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया, कि कार्यक्रमों की लड़ी में रविवार को जयपुर शाखा द्वारा "विकसित भारत के लिए दौड़" का आयोजन होगा। दौड़ मुख्य उद्देश्य एक विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़ना और उनकी सहभागिता को प्रोत्साहित करना है।

## अभिनेता जोजो ने की शीश महल का विजिट



**बेधड़क. जयपुर।** बॉलीवुड अभिनेता जोजो उर्फ जीतू वर्मा ने नाहरगढ़ स्थित जयपुर वैक्स म्युजियम और शीश महल की खूबसूरती के दीदार किए। इस मौके पर उन्होंने अनूप श्रीवास्तव से म्युजियम की जानकारी ली और वहां रखे फेक्स स्टेच्यूज को करीब से जाना। साथ ही फोटो क्लिक कराईं।

## हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हुए एकजुट

# निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप हिंदी का प्रयोग करने पर दिया जोर




**बेधड़क | जयपुर**

उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जयपुर कंट्रोल सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक विकास पुरवार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की मीटिंग हुई। कृष्ण कुमार मीना-वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर नें बताया, कि इस साल 31 मार्च को समाप्त तिमाही अवधि की हिंदी प्रयोग के प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही अध्यकक्ष ने कहा, कि राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय कार्यालयों में हिंदी प्रयोग के लिए समय-समय पर लक्ष्यं निर्धारित किया जाता है। इन लक्ष्यों के अनुरूप हिंदी का प्रयोग करना प्रशासनिक ही नहीं बल्कि संवैधानिक दायित्व है। साथ ही समिति सचिव व वरि. राजभाषा अधिकारी शिवचरण बैरवा ने बैठक की निर्धारित कार्यसूची की मदों पर चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान समिति सचिव ने राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप हिंदी का प्रयोग करने पर बल दिया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा ई समाचार बुलेटिन के 43वें अंक का विमोचन किया गया। इसके बाद मनीश कुमार गोयल अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी व अपर मंडल रेल प्रबंधक इंन्फ्रा की ओर से समिति सदस्यों को बैठक में सहभागिता के लिए मोटिवेट किया गया। बैठक में शाखा अधिकारी के रूप में निखिल गर्ग-वरि. मंडल वित्त प्रबंधक, महेश चंद्र मीना-वरि. मंडल इंजी. (साउथ), विनोद कुमार मीना-वरि. सामग्री प्रबंधक, प्रमोद रावत-वरि. मंडल यांत्रिक इंजी. (कै.व.वै), ललित कुमार बघेरवाल-वरि. मंडल इंजी. (सम्पदा), डॉ. सुनीता चौधरी-मंडल कार्मिक अधिकारी, राजेश पुनिया-मंडल परिचालन प्रबंधक, मिहिर देव-स्टेशन निदेशक, तरूण त्रिपाठी-सहा. बिजली इंजी., पवन कुमार वर्मा-सहायक सुरक्षा आयुक्त तथा शाखाओं से मुख्य कार्यालय अधीक्षक व स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्षों और उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## जेकेके में युवा नाट्य समारोह की शुरुआत

# पैर बने दुल्हन की मुसीबत, दिल्ली से लाने पड़े गोरधन के जूते



**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केन्द्र में युवा नाट्य समारोह की शुरुआत हुई, जिसमें पहले दिन देशराज गुर्जर के निर्देशन में 'गोरधन के जूते' नाटक का मंचन हुआ। समारोह में युवा नाट्य निर्देशक अनुदान योजना 2023-24 में चयनित तीन निर्देशकों के नाटकों का मंचन किया जाएगा। 'गोरधन के जूते' नाटक का नाम एक कौतूहल पैदा करता है, लेकिन नाटक की कहानी दर्शकों को हास्य-करुण रस, रिश्तों की मिठास और लोक जीवन की सरलता से साक्षात्कार कराती है। नाटक का आधार दो दोस्त केसर जमींदार और सरपंच बंसी के स्वर्गीय पिता द्वारा किया गया पोते-पोती के विवाह का वादा रहा। कहानी को मोड़ देने के लिए निर्देशक ने नायिका के बड़े पैर की बात को केन्द्र बनाया और दर्शाया, कि विवाह के घर में कैसे छोटी-छोटी बातें मुश्किलें खड़ी कर देती हैं।

समाज का रवैया राई का पहाड़ बनाता है और इसकी बलि रिश्ते और प्रेम चढ़ते हैं। ऐसी समस्याओं का एक ही समाधान आपसी समझदारी हो सकता है। नाटक एक शादी के चलचित्र की तरह रहा। इसके पात्र हर शादी के घर में दिख जाएंगे। लोक गीत, बोली, पहनावे और प्रोप्स को इतनी सादगी से नाटक में उपयोग लिया गया, कि दर्शक नाटक को देखते नहीं जीने लगे। नाटक में प्रदीप बंजारा ने केसर, प्रतीक्षा सक्सेना ने मथरा तो पंकज चौहान ने दीपू का किरदार निभाया। अन्य कलाकारों में सचिन सौखरिया, महिपाल राजावत, मधु देवासी, सुरभि दायमा, भानुप्रिया सैनी, भानुश वर्मा, मनन वर्मा, नितेश वर्मा, जेडी, कृष्ण पाल सिंह नरुका, शुभम सोयल, मनीष गोरा, जितेंद्र देवनानी, जया शर्मा, विकास शर्मा, वेद प्रकाश, प्रांजल गुर्जर, हिमाली भाटिया, दीपक सैनी, कशिश कोलेकर, शालिनी कुमारी शामिल रहे। शुभम तिवारी, साहिल आहूजा आदि ने प्रकाश संयोजन और अनिमेष आचार्य ने संगीत संयोजन संभाला।

**प्रस्तुति** रवींद्र मंच की हीरक जयंती पर हुआ सामाजिक नाटक का मंचन

# अहंकार के कारण रिश्तों की मर्यादा का हो रहा पतन

**बेधड़क | जयपुर**

रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूरे होने पर हीरक जयंती महोत्सव में कला व संस्कृति विभाग और रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में नाटक द लास्ट गिफ्ट का मंचन किया गया। काला सागर संस्थान की प्रस्तुति नाटक के लेखक व निर्देशक जयपुर के महेश महावर थे। कहते हैं रिश्तो की डोर बड़ी नाजुक होती है, जिस प्रकार एक पक्षी को जोर से पकड़ने पर वह मर जाता है और धीरे से पकड़ने पर उड़ जाता है उसी प्रकार रिश्तों की डोर को कस के पकड़ने से टूट जाता है और धीरे पकड़ने से डोर छूट जाती है। रिश्तों की इसी नाजुक्ता को मंच पर साकार द लास्ट गिफ्ट के कलाकारों ने किया।



### पति-पत्नी के नाजुक रिश्ते आए सामने

नाटक पति-पत्नी के नाजुक रिश्तों पर आधारित रहा। कथानक में दिखाया गया, कि समीर और सरला पति-पत्नी हैं लेकिन धीरे-धीरे शादी के बाद दोनों के बीच गलतफहमियां पैदा होने लग जाती हैं। दोनों का एक-दूसरे के साथ दम घुटने लगता है। इसी वजह से सरला अपने मित्र बंटी के समीप आने लगती है। पति-पत्नी की गलतफहमियां चरम पर पहुंच जाती हैं और दोनों का रिश्ता तलाक तक आ जाता है। दोनों अलग हो जाते हैं, लेकिन अलग होने के बाद दोनों एक-दूसरे की कमी महसूस करने लगता हैं। उनको लगता है, कि दोनों एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं। दोनों को गलतियों का एहसास होता है और फिर साथ होना चाहते हैं, लेकिन पहल करने की हिम्मत नहीं कर पाते। कुछ वर्षों बाद उनकी मुलाकात होती है। दोनों कॉफी के बहाने समय व्यतीत करते हैं। पिछली बातें छिड़ जाती हैं और गलतियों की परत हटने लगती है। मन ही मन एक होना चाहते हैं, लेकिन क्या कोई पहल कर पाएगा? ये सवाल खड़ा होता है और कहानी आगे बढ़ती है।

### इन्होंने किया जीवंत अभिनय

नाटक में महेश महावर, गरिमा सावलानी, स्वप्निल शर्मा, बाबलू सैनी ने दमदार अभिनय से किरदार को जीवंत किया।

एक बात निश्चित है, यदि आप नहीं खेलते हैं, तो आप जीत नहीं सकते।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




## राष्ट्रीय दिवस पर सैन्य परेड में शामिल होगा INS 'सुनयना'

# मिस्र के अलेक्जेंड्रिया पहुंचा भारत का युद्धपोत 'तबर'

### INS 'तबर' में कई तरह के हथियारों और सेंसर तैनात

आईएनएस 'तबर' रूस में भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया एक महत्वपूर्ण तथा विशिष्ट क्षमताओं से लैस युद्धपोत है। इस जहाज की कमान कैप्टन एमआर हरीश के हाथ में है और इसमें 280 कर्मी सवार हैं। आईएनएस 'तबर' जहाज पर कई तरह के हथियारों एवं सेंसर को तैनात किया है और यह भारतीय नौसेना के सबसे शुरुआती स्टील्थ फ्रिगेट युद्धपोतों में से एक है। यह जहाज पश्चिमी नौसेना कमान के अंतर्गत पश्चिमी बेड़े के हिस्से के रूप में मुंबई में तैनात रहता है। अलेक्जेंड्रिया में अपने तीन दिन के प्रवास के दौरान इस जहाज का चालक दल कुछ सामाजिक गतिविधियों के अलावा मिस्र की नौसेना के साथ कई पेशेवर चर्चाएं भी करेगा। इसके बाद दोनों देशों की नौसेनाएं समुद्र में सैन्य गतिविधियों से संबंधित 'पासेक्स' के माध्यम से बंदरगाह अभ्यास के चरण को पूरा करेंगी।



**अलेक्जेंड्रिया।** अफ्रीका और यूरोप में होने वाली अपनी तैनाती के हिस्से के तौर पर भारतीय नौसेना का अग्रणी युद्धपोत आईएनएस 'तबर' मिस्र के ऐतिहासिक बंदरगाह शहर अलेक्जेंड्रिया पहुंच गया है, जो 30 जून तक सद्भावना यात्रा पर रहेगा। इसी तरह आईएनएस 'सुनयना' सेशेल्स राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित सैन्य परेड में भारतीय सैन्य दल की ओर से शामिल होने के लिए पोर्ट विक्टोरिया में प्रवेश कर चुका है।

भारत और मिस्र ने कई शताब्दियों से सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों की समृद्ध विरासत को एक-दूसरे के साथ साझा किया है। ये रिश्ते आधुनिक दौर में और भी सशक्त हुए हैं। दोनों देशों के बीच हाल के बीते हुए कुछ वर्षों में रक्षा व समुद्री सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार हुआ है। भारतीय नौसेना के जहाज 'तबर' की अलेक्जेंड्रिया यात्रा का उद्देश्य मिस्र के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक विस्तार देने के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को बढ़ाना है।

### सुनयना ने पोर्ट विक्टोरिया में किया प्रवेश

भारतीय जहाज आईएनएस 'सुनयना' की तैनाती 1976 से सेशेल्स राष्ट्रीय दिवस के एक हिस्से के रूप में आयोजित सैन्य परेड में भारतीय सैन्य दल की निरंतर भागीदारी को दर्शाती है। आईएनएस 'सुनयना' ने दक्षिण पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी लंबी दूरी की तैनाती के एक हिस्से के रूप में सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया में प्रवेश किया। जहाज की यह यात्रा 29 जून को सेशेल्स के 48वें राष्ट्रीय दिवस के उत्सव के साथ-साथ हो रही है। सेशेल्स राष्ट्रीय दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में आयोजित सैन्य परेड में नौसेना बैंड के साथ भारतीय नौसेना का मार्चिंग दल भाग लेगा।



## बहस में बाइडेन और ट्रंप में हुई तीखी नोकझोंक, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले...

# पत्नी प्रेग्नेंट थीं, आप एडल्ट स्टार से बना रहे थे संबध

**एजेंसी** | अटलांटा

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के लिए दोनों उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के बीच पहली बहस हुई। इस बहस के दौरान दोनों तरफ से एक दूसरे की तीखी आलोचना की गई। इस दौरान दोनों नेताओं ने करीब 75 मिनट तक एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए और निजी हमले किए। ट्रंप ने बाइडेन को मंचूरियन बताते हुए आरोप लगाया कि बाइडेन को चीन से पैसे मिलते हैं। दूसरी ओर राष्ट्रपति बाइडेन ने ट्रंप को उनके हश मनी मामले पर घेरते हुए कहा कि जब तुम्हारी बीवी गर्भवती थी, उस वक्त तुम एक एडल्ट स्टार के साथ शारीरिक संबंध बना रहे थे।

बहस के दौरान डोनाल्ड ट्रंप खासे आक्रामक दिखाई दिए। हालांकि 90 मिनट की बहस के दौरान उन्होंने कई झूठे दावे भी किए। दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर निजी हमले करने से भी परहेज नहीं किया। बाइडेन ने ट्रंप को अपराधी, झूठा, अक्षम बताया। इसके जवाब में ट्रंप ने बाइडेन के बेटे को अपराधी बताया। जब बाइडेन अपनी बात कहते हुए थोड़ा लड़खड़ाए तो ट्रंप ने उनकी सेहत और बढ़ती उम्र पर भी तंज कसा। दोनों नेताओं में आर्थिक मुद्दों, विदेश नीति, अंतरारष्ट्रीय संकटों और अमेरिकी लोकतंत्र को लेकर चर्चा हुई। डिबेट के दौरान दोनों नेताओं की टाइम लिमिट खत्म होते ही उनके माइक बंद कर दिए गए।

इस 'वाकयुद्ध' में पूर्व राष्ट्रपति ने बाइडेन को साफ तौर पर करारी मात दी। दोनों उम्मीदवारों के बीच इस चुनावी बहस पर मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि मुकाबले में व्यक्तिगत हमलों के अलावा डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बाइडेन का प्रदर्शन भी लड़खड़ा गया। वे पूरी बहस के दौरान कभी अपनी कर्कश आवाज और कभी-कभी मौखिक खालीपन से ही जूझते रहे। इस बहस को देखने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी ने बाइडेन के प्रदर्शन को लेकर चिंता व्यक्त की है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी मीडिया का मानना है कि बाइडेन ने बहस के पहले हिस्से में जिस तरह से जवाब दिए। वह पार्टी के कुछ रणनीतिकारों के लिए सिरदर्द साबित हो सकते हैं।

### बहस के दौरान निजी हमलों से हंगामा



### डिबेट से पहले नहीं मिलाया हाथ

राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डिबेट के मंच पर प्रवेश करते समय हाथ नहीं मिलाया। दोनों उम्मीदवारों ने आखिरी बार 2020 में एक डिबेट में मुलाकात की थी। उस समय कोरोना महामारी चल रही थी। इस वजह से दोनों नेताओं ने कोविड-19 प्रोटोकॉल के कारण हाथ नहीं मिलाया गया था। डिबेट से पहले बाइडेन के दो पुराने सहयोगियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि बाइडेन शायद पहले अपना हाथ आगे नहीं बढ़ाएंगे। वहीं जब बाइडेन ने ट्रंप की ओर देखते हुए हाथ हिलाते हुए पूछा कि आप कैसे हैं, तो ट्रंप बिना एक्सप्रेशन के बिल्कुल चुप खड़े रहे, कोई जवाब नहीं दिया।

### ट्रम्प ने बाइडेन को महंगाई के लिए ठहराया जिम्मेदार

रिपब्लिकन पार्टी के प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट के तौर पर बहस कर रहे डोनाल्ड ट्रम्प ने डिबेट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पर महंगाई को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महंगाई हमारे देश को मार रही है। जो बाइडेन ने अच्छा काम नहीं किया है। उन्होंने बेहद खराब काम किया है। ट्रम्प ने बाइडेन की नीतियों की निंदा की और दावा किया कि बाइडेन की पॉलिसी अहम सरकारी सेवाओं को तबाह कर देंगी।

### गर्भपात नियमों पर बाइडेन ने ट्रंप पर बोला हमला

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डिबेट के दौरान गर्भपात से जुड़े नियमों में बदलाव के लिए डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोला। बाइडेन ने कहा कि इसमें ट्रंप ने एक भयानक भूमिका निभाई। बाइडेन ने कहा कि ट्रंप ने गर्भपात के अधिकारों को सीमित करने के ऐसे कदम उठाए, जो महिलाओं की हेल्थ और उनकी आजादी के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि गर्भपात पर ट्रंप की नीतियों ने महिलाओं को सुरक्षित और लीगल अबॉर्शन से वंचित कर दिया है।

## चीन की धमकी के बाद ताइवान ने उठाया बड़ा कदम

# हांगकांग-मकाऊ की यात्रा न करें नागरिक

**ताइपे।** ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन, हांगकांग और मकाऊ की यात्रा से बचने की सलाह दी है। बीजिंग की ओर से ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी के बाद यह अपील सामने आई है।

मालूम हो कि स्वतंत्रता समर्थक लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को ढूंढ कर मार डालने की धमकी दी है।



ताइवान ने लोगों से यात्रा करने के बाद सोशल मीडिया पोस्ट नहीं करने की बात कही है। मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता लियांग वेन-चेह ने कहा है कि चीन की ओर से मिल रही धमकी को देखते हुए नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह नागरिकों को सलाह दे।

उन्होंने कहा कि सरकार यात्राओं पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है, लेकिन जो लोग यात्रा कर रहे हैं उन्हें राजनीतिक राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए या ऐसी किताबें साथ नहीं ले जानी चाहिए। इसके साथ ही ऐसे विषयों पर ऑनलाइन पोस्ट करने से बचना चाहिए।






## नासा की कामयाबी

# समुद्री ग्रह से अलग हुआ एस्टेरॉइड बेन्नू!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

एस्टेरॉयड बेन्नू से लाए गए सैंपल के प्रारंभिक विश्लेषण से हमारे सौरमंडल के रहस्य खुल रहे हैं। वैज्ञानिकों को पता चला है कि इस उल्कापिंड का अतीत अप्रत्याशित रूप से पानी से भरा था। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि यह किसी प्राचीन समुद्री ग्रह से अलग हो गया होगा। नासा ने OSIRIS-REx मिशन के तहत 2020 में पृथ्वी के करीब एस्टेरॉयड बेन्नू का 121.6 ग्राम सैंपल लिया था। पिछले साल सितंबर में यह मिशन तब पूरा हुआ, जब सैंपल पृथ्वी पर पहुंचा। वैज्ञानिक तब से इस एस्टेरॉयड की चट्टानों और धूल का विश्लेषण कर रहे हैं। वह यह जानने में लगे हैं कि आखिर इसके अंदर कौन-कौन से रहस्य हो सकते हैं और क्या जीवन के तत्व मौजूद हैं? एस्टेरॉयड हमेशा से वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये सौरमंडल के निर्माण से बचे हुए अवशेष हैं। अक्टूबर में साझा किए गए नमूनों की शुरुआती समीक्षा से पता चला कि इसमें बड़ी मात्रा में कार्बन था। नमूने के विश्लेषण के दौरान टीम ने पाया कि बेन्नू की धूल कार्बन, नाइट्रोजन और कार्बनिक यौगिकों से समृद्ध है।



### पानी वाली दुनिया से हुआ अलग?

नमूनों में मैग्नीशियम-सोडियम फॉस्फेट का पाया जाना सबसे बड़ा आश्चर्य था, जिसे रिमोट सेंसिंग ने शुरू में तब पता नहीं लगाया था जब OSIRIS-REx बेन्नू की परिक्रमा कर रहा था। मैग्नीशियम-सोडियम फॉस्फेट एक यौगिक है जो पानी में घुलनशील होता है। जीवन के लिए जैव रसायन के एक घटक के रूप में कार्य करता है।

### नई स्टडी आई सामने

यह वही तत्व हैं, जिन्होंने सौरमंडल बनाने में मदद की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये सामग्रियां जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिक सैंपल से यह जान सकते हैं कि आखिर पृथ्वी जैसे ग्रहों का निर्माण कैसे हुआ। निष्कर्षों का विवरण देने वाला एक अध्ययन मौसम विज्ञान और ग्रह विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित हुआ। मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में वैज्ञानिक और स्टडी के सह लेखक जेसन ड्वॉर्किन ने कहा, 'OSIRIS-REx प्रोजेक्ट ने हमें वही दिया, जिसकी उम्मीद थी।'


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl